दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 28 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 514



**। गणतंत्र दिवस ।**







## कर्तव्य पथ पर टी-90 टैंक, राफेल और सुखोई ने दिखाया अपना पराक्रम, तस्वीरों में देखिए भारत की सैन्य





**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में भारत की नई सामरिक मिसाइल 'प्रलय', टी-90 टैंक और युद्ध के मैदान में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल तथा समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, सैन्य शक्ति, आर्थिक प्रगति और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में की गई प्रगति को प्रदर्शित किया गया।कर्तव्य पथ के वीवीआईपी मंच पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उपस्थित थे, जो इस साल के समारोह के लिए मुख्य अतिथि थे। उनके देश (इंडोनेशिया) के सैन्य बैंड की एक टुकड़ी ने परेड का नेतृत्व किया।

कर्तव्य पथ के वीवीआईपी मंच पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उपस्थित थे, जो इस साल के समारोह के लिए मुख्य अतिथि थे। उनके देश (इंडोनेशिया) के सैन्य बैंड की एक टुकड़ी ने परेड का नेतृत्व किया।

राष्ट्रपति मुर्मू और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो पारंपरिक बग्घी में सवार होकर कर्तव्य पथ पर पहुंचे। यह परंपरा 40 साल के अंतराल के बाद 2024 में फिर से शुरू की गई थी। वे भारतीय सेना की सबसे सीनियर रेजिमेंट, राष्ट्रपति के अंगरक्षक दल के सुरक्षा घेरे में थे।

सी-130जे सुपर हरक्यूलिस, सी-295, सी-17 ग्लोबमास्टर, डोर्नियर, एएन-32, राफेल, जगुआर और सुखोई-30 सहित अन्य विमानों ने फ्लाईपास्ट में भाग लिया। आसमान का नजार देख लोग उत्साहित हो गए। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर झंडारोहण के दौरान आसमान में गुब्बारों को हवा में उड़ाया गया। ये सभी गुब्बारे केसरिया, सफेद और हरे रंग के थे। झांकी में स्वदेशी अर्जुन युद्ध टैंक, तेजस लड़ाकू विमान और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम के साथ सैन्य अभियान का प्रदर्शन करते हुए युद्धक्षेत्र के परिदृश्य को प्रदर्शित किया गया।

झांकी में स्वदेशी अर्जुन युद्ध टैंक, तेजस लड़ाकू विमान और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर, विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम के साथ सैन्य अभियान का प्रदर्शन करते हुए युद्धक्षेत्र के परिदृश्य को प्रदर्शित किया गया।गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्र ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। इसमें विशिष्ट मार्चिंग टुकड़ियां, मिसाइलें और विभिन्न स्वदेशी हथियार शामिल थे। घुड़सवार दस्ते का नेतृत्व लेफ्टिनेंट अहान कुमार ने किया। गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्र ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। इसमें विशिष्ट मार्चिंग टुकड़ियां, मिसाइलें और विभिन्न स्वदेशी हथियार शामिल थे। घुड़सवार दस्ते का नेतृत्व लेफ्टिनेंट अहान कुमार ने किया।

गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्र ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। इसमें विशिष्ट मार्चिंग टुकड़ियां, मिसाइलें और विभिन्न स्वदेशी हथियार शामिल थे। घुड़सवार दस्ते का नेतृत्व लेफ्टिनेंट अहान कुमार ने किया।टैंक टी-90 भीष्म, एनएजी मिसाइल प्रणाली, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, पिनाका मल्टी-लॉन्चर रॉकेट प्रणाली, अग्निबाण मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर, आकाश हथियार प्रणाली, एकीकृत युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली और 'ऑल-टेरेन व्हीकल' (चेतक) परेड का हिस्सा थे। टैंक टी-90 भीष्म, एनएजी मिसाइल प्रणाली, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, पिनाका मल्टी-लॉन्चर रॉकेट प्रणाली, अग्निबाण मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर, आकाश हथियार प्रणाली, एकीकृत युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली और 'ऑल-टेरेन व्हीकल' (चेतक) परेड का हिस्सा थे। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी में स्क्वाड्रन लीडर महेंद्र सिंह गराती के नेतृत्व में चार अधिकारी और 144 कर्मी शामिल थे। इसके बाद ''बाज फॉर्मेशन'' में तीन मिग-29 विमानों द्वारा 'फ्लाई-पास्ट' किया गया।

भारतीय नौसेना की टुकड़ी में 144 कर्मी शामिल थे, जिनका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कमांडर साहिल अहलूवालिया और पलटन कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट कमांडर इंद्रेश चौधरी, लेफ्टिनेंट कमांडर काजल अनिल भरानी और लेफ्टिनेंट देवेंद्र ने किया।

## सामने खड़ा हुआ इंडिया तो मोदी को संविधान के आगे टेकना पड़ा माथा, महू में बोले राहुल गांधी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**महू ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के महू में जनता को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा, संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, इसमें हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच है. इसमें आंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, फुले जी जैसे महापुरुषों की आवाज है. राहुल गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, इन्होंने कहा था कि अगर 400 सीटें आ गईं तो संविधान बदल देंगे, लेकिन उनके सामने कांग्रेस और (इंडिया गठबंधन) के नेता और कार्यकर्ता खड़े हुए हैं. नतीजा ये हुआ कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी को संविधान के आगे माथा टेकना पड़ा।



**राहुल गांधी ने क्या-क्या कहा?**

राहुल गांधी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, इसमें हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच है. इसमें आंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, फुले जी जैसे महापुरुषों की आवाज है. राहुल गांधी ने आगे कहा, कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था, हिंदुस्तान को 15 अगस्त, 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी. मोहन भागवत की बात पर राहुल गांधी ने कहा, ये सीधा संविधान पर आक्रमण है. याद रखिए, जिस दिन संविधान खत्म हो गया, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के महू पहुंचे. इस दौरान उन्होंने जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित किया. इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे. राहुल गांधी ने संविधान को लेकर बात की और जनता को संबोधित करते हुए बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. कांग्रेस नेता ने कहा, बीजेपी ने लोकसभा से पहले भी संविधान को खत्म करने की बात कही थी, इन्होंने कहा था कि अगर 400 सीटें आ गईं तो संविधान बदल देंगे, लेकिन उनके सामने कांग्रेस और (इंडिया गठबंधन) के नेता और कार्यकर्ता खड़े हुए हैं. नतीजा ये हुआ कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी को संविधान के आगे माथा टेकना पड़ा। लोकसभा में नेता विपक्ष ने कहा, हिंदुस्तान में विचारधारा की लड़ाई चल रही है. एक तरफ कांग्रेस है जो संविधान को मानती है और इसके लिए लड़ रही है और दूसरी तरफ आरआरएस-बीजेपी है जो संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और खत्म करना चाहते हैं।

## कर्तव्य पथ पर एमपी की झांकी ने लोगों का जीता दिल, जानें सीएम मोहन यादव ने चीतों के महत्व पर क्या कहा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**भोपाल।** 76वें गणतंत्र दिवस पर मध्य प्रदेश की भी झांकी को प्रदर्शित किया गया। इस बार कर्तव्य पथ पर चीतों की ऐतिहासिक वापसी वाली मध्य प्रदेश की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी। वहीं 76वें गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर मध्य प्रदेश की झांकी ने देशवासियों का दिल जीत लिया। इस झांकी में चीतों के संरक्षण और पुनर्वास में अहम भूमिका निभाने वाले 'चीता मित्रों' को भी प्रमुखता से दिखाया गया। वहीं मध्य प्रदेश की इस झांकी को लेकर सीएम डॉ. मोहन यादव ने हर्ष व्यक्त किया है। बता दें कि सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए



चीतों को पुनर्स्थापित कर नया इतिहास रचा था।

**इको-टूरिज्म को मिलेगा प्रोत्साहनः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'चीतों की ऐतिहासिक वापसी' पर आधारित झांकी ने राज्य की समृद्ध जैव विविधता को उजागर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीतों का आगमन न केवल हमारे इको-टूरिज्म को प्रोत्साहन देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि 'चीतों की ऐतिहासिक वापसी' पर आधारित झांकी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई 'चीता पुनर्वास परियोजना' की सफलता को उत्कृष्टता से रेखांकित किया।

**चीतों को बसाने के कार्यक्रम पर बनी झांकीः** बता दें कि मध्यप्रदेश की झांकी में राज्य के श्योपुर जिले में कूनो नदी के तट पर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को सफलतापूर्वक बसाने के कार्यक्रम को प्रदर्शित किया गया। झांकी के सामने वाले हिस्से में सफलता की कहानी को जीवंत रूप से दर्शाते हुए, बसाए गए चीतों की एक जोड़ी को उनके शावकों के साथ दिखाया गया। झांकी के मध्य भाग में राष्ट्रीय उद्यान के हरे-भरे जंगलों से घिरी बहती हुई कूनो नदी को दर्शाया गया। इसमें हिरण, बंदर और चीते जैसे वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में दिखाया गया। झांकी में कूनो को जैव विविधता और चीता की बढ़ती आबादी के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में रेखांकित किया गया।

## महाकुंभ में 50% फर्जी साधु बैठे, स्वामी आनंद स्वरूप का दावा

**लोक तंत्र की आवाज**

**प्रयागराज ।** महाकुंभ में 50% फर्जी साधु बैठे; स्वामी आनंद स्वरूप का दावा, बोले- इन्हें बाहर निकाला जाए, ये भगवा चोले में भिखारी, हर्षा रिछारिया पर ये कहा।

प्रयागराज का महाकुंभ जहां एक तरफ अपनी भव्यता और दिव्यता को लेकर खास चर्चा में है तो वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ के इस पवित्र संगम के बीच से ऐसी कई तस्वीरें लगातार सामने आ रहीं हैं। जिनसे कहीं न कहीं महाकुंभ में व्याप्त आस्था और अध्यात्म पर गहरा असर पड़ता दिख रहा है। इस केंद्र में चाहें फिर साधु-संतों की मारपीट हो, गाली-गलौच हो या आईआईटी बाबा, हर्षा रिछारिया और आंखों से मशहूर होने वाली मोनालिसा जैसे कुछ चेहरे। जिन तक

**● बोले- इन्हें बाहर निकाला जाए, ये भगवा चोले में भिखारी हर्षा रिछारिया पर ये कहा?**

महाकुंभ सिमट कर रह गया है।

फिलहाल, इस सबके बीच महाकुंभ पहुंचे सांभवी पीठ के पीठाधीश्वर और काली सेना के प्रमुख स्वामी आनंद स्वरूप ने एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने मीडिया चैनल पर लाइव बयान देते हुए कहा है कि, इस महाकुंभ में 50% फर्जी साधु बैठे हुए हैं। आएदिन महाकुंभ में तमाम भिखारी पकड़े जा रहे हैं। जो भगवा का चोला पहने तो घूम रहे हैं लेकिन उन्हें संतत्व का ज्ञान नहीं है। वे एक मंत्र तक नहीं जानते। उनके चलते जो असली साधु-संत हैं, उन्हें शर्मिंदा होना पड़ रहा है। हम चाहेंगे उनके ऊपर अखिल



भारतीय अखाड़ा परिषद कार्रवाई करे। उनको कुम्भ से बाहर किया जाये. इस महाकुंभ में भले ही कम साधु-संत ही क्यों न रहें पर अच्छे रहें।

स्वामी आनंद स्वरूप ने आगे कहा कि, अगर मुझे कहीं भी गड़बड़ी लगेगी तो मैं जरूर विरोध करूंगा। उन्होंने कहा कि, महाकुंभ में रील के लिए नहीं रियल के लिए आना चाहिए। लेकिन अब स्थिति यह है कि, महाकुंभ में रीलबाजों के चलते आस्था और अध्यात्म का अपमान हो रहा है, महाकुंभ में यूट्यूबर्स माहौल खराब कर रहे हैं। वहां सोशल मीडिया रीलबाजों का तांडव चल रहा है। वह कुछ भी दिखा रहे हैं। वह उसी चीज को दिखाना चाहते हैं, जिनसे गलत संदेश जाता है। वहीं सबसे सुंदर साध्वी के तौर पर वायरल हर्षा रिछारिया पर स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि, कोई भी व्यक्ति भगवा धारण करके सीधे साधु-संन्यासी नहीं बन सकता है। उसमें त्याग और अपनी एक परमपरा और प्रक्रिया है। अगर हम सिद्धांतों से समझौता करेंगे तो संतत्व और संन्यास दोनों परंपरा का नशा हो जाएगा। इसलिए अखाड़ों और साधु-संतों की प्रतिष्ठा बनी रहनी चाहिए। यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि इस प्रतिष्ठा पर किसी प्रकार का कलंक न लगे।

आनंद स्वरूप ने कहा कि, महाकुंभ छोड़ने का हर्षा का अपना फैसला था। हमने उसे महाकुंभ छोड़ने को नहीं कहा था। हमने बस समझाने का काम किया कि सिद्धांतों के विरुद्ध कुछ नहीं किया जाना चाहिए। पेशवाई में वह साधु-संतों के साथ रथ पर बैठीं और खुद की पहचान साध्वी के तौर पर जाहिर की। यह सही नहीं था। एक मॉडल को अन्य संतों के साथ अमृत स्नान में भाग नहीं लेना चाहिए और न ही ले सकती है।

## राष्ट्रपति के 'एट होम' रिसेप्शन में मेहमानों को दक्षिण भारतीय व्यंजन परोसे गए

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति भवन में रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जलपान समारोह में मेहमानों को मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय व्यंजन परोसे गए। आज का प्रेसिडेंट एट होम का आयोजन दक्षिण भारत की पाक कला और सांस्कृतिक विविधता पर केंद्रित था। इस जलपान समारोह में, इस वर्ष के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और प्रशासनिक, सैन्य एवं पुलिस अधिकारी तथा राजनयिक शामिल हुए। मेहमानों का जोरदार स्वागत किया गया। मेहमानों का स्वागत पांच दक्षिणी राज्यों - तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल - में से प्रत्येक के एक-एक जोड़े ने अपनी अपनी मातृभाषा में किया, जो उस राज्य की वेशभूषा में थे।



**समारोह में आमंत्रित मेहमानः** समारोह में विशेष आमंत्रितों में, 'ड्रोन दीदी', प्राकृतिक खेती करने वाले किसान और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि अर्जित करने वाली महिलाएं और 'दिव्यांग' शामिल थे। इन राज्यों के संगीतकारों ने संक्षिप्त प्रस्तुतियां दीं। दिव्यांगजनों के लिए जलपान समारोह अधिक समावेशी था, जिसमें उनकी सहायता करने वाले लोग भी शामिल थे। मेहमानों में स्टार्ट-अप संस्थापक और विभिन्न व्यवसायों से प्रतिष्ठित व्यक्ति भी शामिल थे।

## नेताजी की मृत्यु वाले पोस्टर पर फंसे राहुल गांधी, केस दर्ज, जानिए क्या है पूरा मामला

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एक और केस दर्ज हो गया है। यह मामला नेताजी सुभाष चंद्र बोस से जुड़ा हुआ है। इसको लेकर पश्चिम बंगाल की राजनीति भी गर्माई हुई है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को उन्हें श्रद्धांजलि देने के दौरान राहुल गांधी द्वारा एक विवादित पोस्ट की गई थी। इस मामले को लेकर कांग्रेस सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की कराई गई है। यह शिकायत दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर थाने में की गई है। इसमें राहुल



गांधी के पोस्ट में नेताजी की मृत्यु की तारीख का उल्लेख करने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। आपको बता दें कि बीते दिन बिहार के समस्तीपुर में एक व्यक्ति कांग्रेस सांसद के खिलाफ कोर्ट पहुंच गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी की वजह से उनको 250 रुपए का नुकसान हुआ है।

**कोलकाता में दर्ज हुई एफआईआरः** यह एफआईआर स्वयंभू हिंदुत्व समूह अखिल भारतीय हिंदू महासभा द्वारा की गई है। समूह के कार्यकर्ताओं ने दक्षिण कोलकाता में एल्गिन रोड पर नेताजी के पैतृक घर के पास प्रदर्शन भी किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विवादित पोस्ट को लेकर अपना विरोध जताया।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रचूड़ गोस्वामी ने कहा कि राहुल गांधी अपनी पुरानी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद इस पार्टी ने नेताजी को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। गांधी परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए गोस्वामी ने कहा कि राहुल गांधी और उनके परिवार ने हमेशा भारत के लोगों की यादों से नेताजी की यादों को मिटाने की कोशिश की है।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर नीतीश ने तोड़ दी 19 साल पुरानी परंपरा, सियासी गलियारे में कई तरह की चर्चा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** गणतंत्र दिवस के मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 साल पुरानी परंपरा को तोड़ दिया. दिलचस्प बात ये है कि इस परंपरा की शुरूआत खुद नीतीश कुमार ने की थी. गणतंत्र दिवस ही नहीं बल्कि पिछले कुछ दिनों के कई वाकयों से सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

**नीतीश ने तोड़ी परंपराः** दरअसल 2005 में बिहार की सत्ता में आने के बाद नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के मौके पर नयी परंपरा की शुरूआत की थी. दोनों मौके पर गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के बाद मुख्यमंत्री किसी महादलित टोले में जाते थे. वहां उनकी मौजूदगी में महादलित टोले में झंडोत्तोलन होता है. 2014 में नीतीश कुमार ने जब कुछ दिनों के लिए सीएम की कुर्सी छोड़ी थी, तब भी तत्कालीन मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी महादलित टोले में गये थे।



**तैयारी के बाद महादलित टोला नहीं गये सीएमः** इस बार गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पटना शहर के पास ही फुलवारीशरीफ प्रखंड के महुली गांव के महादलित टोले में जाना था. सीएम के आगमन को लेकर कई दिनों से प्रशासनिक तैयारी की जा रही थी. गांव में बड़ा मंच बनाने से लेकर रोड की मरम्मति और दूसरे सारे साज सज्जा किये गये थे. लेकिन 19 साल पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए नीतीश कुमार महुली गांव के महादलित टोले में नहीं गये। हालांकि नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में हुए झंडोत्तोलन में मौजूद थे. लेकिन गांधी मैदान से वे सीधे अपने आवास चले गये. उनके बदले बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी महुली गांव में पहुंचे. विजय चौधरी की मौजूदगी में महादलित टोले के बुजुर्ग सुभाष रविदास ने झंडोत्तोलन किया.

## संक्षिप्त खबरें ।

### काशीचक में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



**काशीचक(नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र में लोकतंत्र का महापर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ संपन्न हुआ । इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय में प्रमुख पंकज कुमार , अंचल कार्यालय में सीओ दिव्यांशु कुमार साह,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंडीनोवां में प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ जीवेश कुमार,काशीचक थाना मे प्रशान्त कुमार, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में श्रवण कुमार ,भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष रामप्रवेश कुमार , काँग्रेस कार्यालय में अध्यक्ष सकलदेव सिंह , राजद कार्यालय में अध्यक्ष देवव्रत कुमार, जदयू कार्यालय में अध्यक्ष प्रदीप कुमार,ग्रीड में कनीय विद्युत अभियंता प्रमोद कुमार,रेबरा में पैक्स अध्यक्ष लाल देवी,विरनामा पंचायत मुख्यालय में सरस्वती देवी, मध्य विद्यालय चंडीनोवा प्रधानाध्यापक राज कपूर वर्मा, सनराइज पब्लिक स्कूल मनीष रंजन, ज्ञान निकेतन मिशन स्कूल संतोष आनंद ,मध्य विद्यालय रेबरा के प्रांगण में मुखिया शंकर कुमार,जनसुराज के जिला सचिव मुकेश कुमार बब्लू ने झंडोत्तोलन किया । इसके अलावे विभिन्न सरकारी , गैर सरकारी विद्यालयों और कार्यालयों में भी झंडोत्तोलन किया गया ।

### कौआकोल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास व शान से लहराया गया तिरंगा



**कौआकोल(नवादा)।** कौआकोल प्रखण्ड में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से रविवार को मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड के सरकारी,गैर सरकारी संस्थानों,बैंको सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर समारोह पूर्वक राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहरा कर सलामी दी गई। प्रखण्ड मुख्यालय में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार एवं उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव की मौजूदगी में प्रखण्ड प्रमुख रीना राय ने झंडोतोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। वहीं परियोजना कार्यालय में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,बीआरसी में बीईओ सुशील कुमार,कौआकोल ग्राम कचहरी में सरपंच मुन्नी देवी,पैक्स भवन में अध्यक्ष सुनील कुमार,अम्बेदकर पार्क में अध्यक्ष ब्रहमदेव रविदास,पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल,कस्तूरबा विद्यालय में वार्डन साधना सिंह,पंचायत भवन कौआकोल में मुखिया नीभा कुमारी,छबैल में मुखिया भोला प्रसाद गुप्ता,मंझिला में मुखिया इसराइल मियाँ,केवाली पैक्स में अध्यक्ष संजय यादव,मंझिला पैक्स में अध्यक्ष नरेंद्र कुमार,राजद कार्यालय में अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव,जदयू कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,इंटर विद्यालय कौआकोल में प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा,बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार,वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट में प्राचार्य डॉ० बिपिन कुमार सिन्हा ने झंडोतोलन कर तिरंगा को सलामी दी। वहीं इन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय मिठाई जलेबी का वितरण भी किया गया। जबकि प्रखण्ड के न्यू जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल कौआकोल में प्राचार्य घनश्याम प्रसाद के नेतृत्व में झंडोत्तोलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### गया कॉलेज में प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया



**गया।** गया महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया गया मौके पर भारतीय संविधान का शपथ लिया गया , मौके पर समस्त महाविद्यालय के छात्र , शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको एवं राष्ट्रीय कैडेट के द्वारा मार्च पास्ट किया गया है। इस मौके पर महाविद्यालय के बरसर डॉ आदर्श गुप्ता, डॉ अरुण गर्ग , डॉ हर्षवर्धन सिंह चौहान ,डॉ सुनील कुमार, डॉ रामदेव पासवान ,सोनू अन्नपूर्णा , डॉ धर्मेंद्र ,डॉ अमित कुमार ,डॉ अमरीश नारायण, शिक्षा विभाग डॉ धीरज,शिक्षकेतर संघ के महासचिव संतोष कुमार सिंह ,अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह ,सहित महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं मौजूद रहे हैं।

# मॉडर्न शैक्षणिक समूह देश सेवा में सदा समर्पित : डॉ0 शैलेश कुमार

लोकतंत्र की आवाज



**आर्यन मोहन**

**नवादा।** जिले में रविवार 26 जनवरी 2025, को मॉडर्न शैक्षणिक समूह के संयुक्त तत्वावधान में संचालित गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, इंडस्ट्रीयल एरिया पुलिस लाईन, नवादा, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर, नवादा, मॉडर्न इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, इंडस्ट्रीयल एरिया, पुलिस लाईन, नवादा, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर, नवादा तथा एस. ए. कॉलेज नवादा, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन (नर्सिंग), गुरो विन्दा कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, नवादा, के संयुक्त रूप से गणत्रत दिवस हर्षोल्लास पूर्वक 76 वीं गणतंत्र दिवस मनाया गया जिसमें सभी महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थीगण ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, उनके राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, देश भक्तिगीत और हिन्दी-अंग्रेजी भाषण ने सभागार में बैठे हुये दर्शकों को सराबोर कर दिया, भाग लेने वाले कलाकार प्रशिक्षणार्थीगण लवली कुमारी, कहकशा परवीन, तलत जावीन, अंजली, स्नेहा, स्वीटी कुमारी, नेहा कुमरी, मेहर, खुशबू ब्यूटी कुमारी, चाँदनी कुमारी तथा राहुल राय, अमर रजक, कुन्दन कुमार, राजन कुमार, संकेत कुमार, प्रिंस कुमार, दिवाकर पाठक, अनुज कुमार, मो० सकलैन, रितीक कुमार, नितीश कुमार, मिथुन कुमार, रोहित कुमार के साथ जी० आर० टी० टी० कॉलेज के एम० एड० के विभागाध्यक्ष डॉ. देवानन्द सिन्हा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बड़े सौभाग्य कि बात है कि आज हमलोग 76 वीं गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे है आज ही के दिन हमारे देश में संविधान लागु हुआ था, जिसके माध्यम से हम अपने देश की कानून व्यवस्था सही तरीके से संचालित करते हैं, इसलिये इस दिन को हम कभी भूला नहीं सकते हैं तदोपरांत टी० सी० ई० के डी० एल० एड० के विभागाध्यक्ष डॉ. फिरंगी यादव ने बत्ताया कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हो गया था परंतु पूर्ण आजादी हम लोगों को आज के ही दिन मिली थी, जिसे गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं, और क्रान्तिकारी वीरों को नमन करते हैं और उनके प्रतिमा पर फूलों की वर्षा करते हैं और राष्ट्र के प्रति सजग एवं सम्बेदनशील रहने का सबसे आग्रह करते हैं इस अवसर पर उन शहीदों को जबतक सूरज चाँद रहेगा तब तक याद करेगें जैसा कि सत्य ही कहा गया है कि ₹जो भरा नही है, भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं₹ टी० सी० ई० के प्रचार्य डॉ० राम नरेश झा ने अपने सम्बोधन में सभी लोगों को राष्ट्र के प्रति सजग और संवेदनशील रहने का आह्वान किया। और कहे कि₹ देश भक्तों से ही देश की शान है, देश भक्तों से ही देश की मान है, हम उस देश के फूल हैं यारों जिस देश का नाम हिन्दुस्तान हैं₹। तदोपरांत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव तथा एसोसिएशन ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टिचयूशन्स पटना (बिहार) के महासचिव डॉ० शैलेश कुमार ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये देश के अमर शहीदों के कृतित्व-व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके साहस और शौर्य की प्रशंसा करते हुये चंद पक्तियां इस प्रकार व्यक्त किये ₹ सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबुले हैं इसके ऐ गुलसितां हमारा₹ और सचिव महोदय ने कहा कि हमारे जितने भी देश के सपूत आजादी के लिये शहीद हुये हैं या यातनायें सहे हैं उन लोगों को तहे दिल से नमन करते हुये कहना चाहेंगें कि दिल हमारे एक है, एक ही है हमारी जान, हिन्दुस्तान हमारा है, हम हैं इसकी शान, जान लुटा देगें वतन पे हो जायेगें कुर्बान, इसलिए हम कहते हैं मेरा भारत महान₹ का संदेश देते हुये बताये कि उन शहीदों द्वारा राष्ट्र के प्रति दिये संदेश तथा मार्गदर्शन पर चलने का हम सभी भारतवासियो को गणतंत्र दिवस के पावन पर्व के शुभ अवसर पर शपथ लेना चाहिये कि हम सभी को राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की आवश्यकता है। यह राष्ट्रीय पर्व हमारे मान सम्मान का पर्व है जिसे मनाते हुये हम भारतवासी फूले नहीं समा रहें है। इसलिये कहना है. हम हनुमान है इसके, यह देश है मेरा भगवान, अगर विश्वास नहीं है तो, चीर कर देख लो, मेरे दिल मे लिखा है हिन्दुस्तान₹ इन्ही चन्द शब्दों के साथ देश प्रेमियों को मेरा शत-शत् नमन, जय हिन्द जय भारत।इस शुभ अवसर पर गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के एम० एड० (विभागध्यक्ष) डॉ० देवानन्द सिन्हा, डी० एल० एड० (विभागाध्यक्ष) विजय यादव, स० प्रा०- रीता नन्दन चौधरी, मनोज कुमार सिंह, रविचन्द राय, रंजन कुमार, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ० आर० एन० झा, विभागाध्यक्ष (एम० एड०) डॉ० कुमार अभिषेक, विभागाध्यक्ष (डी० एल० एड०) डॉ फिरंगी यादव, स०प्रा०- नवेन्द्र धीरज, रामप्यारे यादव, मनीष कुमार यादव, मॉडर्न इन्स्टीच्यूट्स ऑफ हायर एजुकेशन के स०प्रा०- राजित राम यादव, विवेक आजाद, मॉर्डन कॉलेज ऑफ एजुकेशन सहित सभी प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

# नवादा मंडल को दो और नए शाखा डाकघर से जोड़ा गया : अनिल कुमार



लोकतंत्र की आवाज

**आर्यन मोहन**

**नवादा।** शहर मे दो और नए शाखा डाकघर से जोड़ा गया है। अनिल कुमार ,मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार परिमंडल के द्वारा रेवारा मरहथ शाखा डाकघर (लालबिघा उपडाकघर के अंतर्गत) , कोलहाना शाखा डाकघर (वजीरगंज उपडाकघर के अंतर्गत) का विधिवत उदघाटन किया गया ।नवादा डाक मंडल में उपरोक्त दोनों शाखा डाकघर को समिल्लित करते हुए कुल शाखा डाकघरों कि संख्या 326 हो गयी है।उपरोक्त शाखा डाकघरों के खुलने से रेवारा मरहथ एवं कोलहाना की आम जनता में हर्ष एवं उल्लास कि भावना से ओत-प्रोत है।आम जनता में भारतीय डाक विभाग की योजनाओं की सुविधा अपने ग्रामीण स्थान में उपलब्ध नये डाकघरों से लेने के लिए काफी खुश एवं इच्छुक देखी जा रही है।

उपरोक्त शाखा डाकघरों के विधिवत उदघाटन के दौरान डाक अधीक्षक, नवादा नीरज कुमार चौधरी ने बताया कि अनिल कुमार बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल के मार्गदर्शन में नवादा जिले में डाकघर की विभिन्न योजनओं के बारे में जानकारियाँ दी गई है।डाक अधीक्षक नवादा, सहायक डाक अधीक्षक के द्वारा भी विभाग के सभी योजनाओ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियाँ दी गई कि डाक विभाग द्वारा बेटियों के सुनहले भविष्य के लिए चलाए जा रहे सबसे बेहतरीन सुकन्या समृद्ध खाता योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना, समयावधि खाता योजना, डाकघर की कई पेंशन योजना सहित सभी प्रकार की योजनाओं को लाभ सुगमता के साथ अपने नजदीकी एवं अपने ग्राम में नव निर्मित डाकघरों से सुविधा प्राप्त कर सकते है।इस मौके पर नवादा डाक मंडल के अभय कुमार, अजित कुमार, रामानंद सिंह, जय सिंह एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिरदला: पशु बांझपन शिविर का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा।** प्रखंड के अकौना पंचायत के भित्ता गांव में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से पशुपालकों के पशुओं में बांझपन के समस्या के निवारण हेतु जानकारी देकर पशुओं में बांझपन का निदान किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा गर्भधारण नहीं करने वाली पशुओं का इलाज करते हुए मुक्त दबाए दी गई। शिविर में सैकड़ो जानवरों को कृमि नाशक दवाई दी गई। उन्होंने कहा कि पशु में मिनरल की कमी होने के कारण एवं समय-समय पर क्रिमिनाशक की दवाई नहीं देने से बांझपन की बीमारी होती है। मौके पर डॉक्टर राजीव रंजन राय, डॉ अभय कुमार, बाबूलाल महतो, राजु कुमार, विपिन कुमार, सनी कुमार, रामबालक प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# बाईक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर पशु व्यवसायी से 19 लाख रुपए लूटे, एक जख्मी

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर एक बड़ी लूट की घटना का अंजाम दिया है,जहां अपराधियों ने गोलियों का बौछार करते हुए 19 लाख रुपये की लूट को अंजाम दिया है। इस घटना में एक पशु व्यवसायी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिसे बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।बहरहाल घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर बारीकी से जांच में जुटी है।गोलीबारी में जख्मी युवक की पहचान खगडिया जिला के मानसी निवासी पशु व्यवसायी सरवर मास्टर के रूप में की गई है। यह घटना नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के शाहपुर ग्राम के पास घटी है।

**अपराधियों ने व्यवसायी से 19 लाख रुपए की किया लूट:** मिली जानकारी अनुसार नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर ग्राम के पास बेलगाम बेखौफ अपराधियों ने ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग करते हुए दहशत का माहौल पैदा किया और बोलेरो सवार व्यवसायी का बैग में रखे करीब 19 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया है।उस बोलेरो पर 05 लोग सवार थे।घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम है। अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियों की बौछार करते हुए इस बड़ी लूट के घटना का अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश में जुट गई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस और 8 खोखे बरामद किए गए हैं। वहीं गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति को पावापुरी के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज चल रहा है।जख्मी का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जिले के स्थानीय थाना की पुलिस समेत पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

नवादा एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि जानकारी मिली है कि चार की संख्या में रहे मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने हवाई फायरिंग करते हुए बोलेरो सवार व्यक्ति के पास रहे रुपए से भरे बैग लेकर फरार हो गए हैं। फिलहाल लूट की सही राशि की जानकारी नहीं मिल पाई है। जख्मी के द्वारा या उनके परिजन द्वारा लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और बारीकी से जांच किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से मिले 8 खोखों और एक जिंदा कारतूस से पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनकी मदद से वे अपराधियों की पहचान करने में जुटे हुए हैं। घटना के बाद इलाके में भय का माहौल बन गया है।

# गया : नगर निगम में साफ सुथरा हो 'गया' अभियान का हुआ शुभारंभ, अब 24 घंटे होगी शहर की साफ-सफाई

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम के द्वारा साफ सुथरा हो 'गया' अभियान का शुभारंभ निगम कार्यालय के प्रांगण में किया गया है।इस मौके पर मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त कुमार अनुराग, स्टैंडिंग कमेटी के मेंबर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद नैयर अहमद, अशोक बरनवाल, कुंदन कुमार, विनोद यादव, दीपक चंद्रवंशी, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा सहित कई लोग शामिल हुए हैं।उस दौरान निगमकर्मियों के बीच ट्रेक सूट, यूनीफॉम और शॉल देकर भी सम्मानित किया गया है।इस मौके पर मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने कहा कि आज से साफ सुथरा हो 'गया' अभियान का शुभारंभ किया गया है, इसके तहत अब 24 घंटे शहर की साफ सफाई की जाएगी।सड़कों पर झाड़ू लगेगा. यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कहीं गंदगी होने की सूचना दी जाती है तो 30 मिनट के अंदर उक्त स्थल पर सफाई कर्मियों को भेजकर सफाई कराई जाएगी. इसके अलावा शहर के विभिन्न सरोवरों और घाटों को भी विशेष रूप से साफ सफाई की जाएगी। गयाजी एक धार्मिक और पर्यटन स्थल है, इसे देखते हुए हमलोगों ने निर्णय लिया है की व्यापक रूप से साफ सफाई की जाएगी. जिस तरह से विगत दो वर्षों से गया सफाई के मामले में नंबर वन आ रहा है, हमारा प्रयास होगा कि आने वाले समय भी भी गया जिला सफाई के मामले में नंबर वन हो। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गया को स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श शहर बनाना है। स्थाई समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इस अभियान के तहत शहर में विशेष साफ सफाई की जाएगी. व्यापक रूप से कूड़े का उठाव किया जाएगा।आधुनिक उपकरणों और तकनीक के माध्यम से सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा।हम नागरिकों से अपील करते है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, आपकी भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा।नागरिक जागरूकता और जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता साथी नियुक्त किए जाएंगे। ये साथी स्वच्छता अभियान को मजबूत करेंगे और नागरिकों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। इसके अलावा शिकायतों और सुझावों को दर्ज करने के लिए 24\7 हेल्पलाइन नंबर +91 84094 61488 शुरू किया गया है। यह सेवा नागरिकों की समस्याओं को तुरंत हल करने में सहायक होगी।नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने कहा गया नगर निगम हमेशा से स्वच्छता और नागरिक सेवाओं के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि गया को एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जाए। इस उद्देश्य को साकार करने के लिए निगम ने पहले भी कई प्रयास किए हैं और अब ₹साफ-सुथरा हो 'गया'₹ अभियान के तहत इसे और सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने का निर्णय लिया है।

# देशभक्ति के रंग में डूब प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड तथा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार को लोगों ने 76 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया।अहले सुबह कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ भारतमाता की जय, वन्दे मातरम, गणतंत्र दिवस अमर रहे आदि नारे लगाते प्रभात फेरी निकाला।वहीं कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने आकर्षक झांकी के साथ शोभा यात्रा भी निकाली।शाम तक विद्यालयों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा।दिनभर क्षेत्र का चप्पा चप्पा देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा।लोग एक दूसरे से मिलकर तथा मैसेज भेजकर गणतंत्र दिवस की शुभ कामना देते रहे।वारिसलीगंज प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख रवि देवी, क्षेत्रीय विधायक आवासीय कार्यालय अपसढ़ में विधायक अरुणा देवी, प्रखंड साक्षरता समिति कार्यालय तथा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा कार्यालय में चंद्रमौलि शर्मा, बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ प्रीति कुमारी,आरक्षी निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर धर्मेंद कुमार,नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद रेखा देवी,थाना में थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा,महिला महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डा. अशोक कुमार सिंह, एस.एन.सिन्हा कालेज में प्रभारी प्राचार्य प्रो.डा. नरेन्द्र कुमार,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह रेफरल अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. आरती अर्चना, जिला परिषद डाकबंगला में जिला पार्षद गीता देवी,नवादा विधि महाविद्यालय में प्राचार्य डा. डीएन मिश्रा, इंटर विद्यालय माफी में प्रभारी प्राचार्या अर्चना कुमारी,एसजीबीके साहू इंटर विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य रामरतन प्रसाद,विवेकानंद पब्लिक स्कूल में निदेशक परमानंद प्रसाद,संत जॉन्स पब्लिक स्कूल में निदेशक मोती प्रसाद गुप्ता,संत टेरेसा इंग्लिश स्कूल में प्राचार्य अनूप थॉमस, रविकांत पूनम बीएड कालेज में सचिव डा. अजय कुमार रविकांत, डीपीएस पब्लिक स्कूल में प्राचार्य शशिभूषण पांडेय, ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में प्राचार्य दिनेश कुमार, मानो मथुरा हाईस्कूल मालीचक में प्राचार्य गया सिंह, जीवनदीप पब्लिक स्कूल में प्राचार्य उमेश प्रसाद,उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवाजगढ़ में प्रधानाध्यापक महेश कुमार, आदर्श शिशु शिक्षा मंदिर में प्राचार्य विजय कुमार राय,सरदार पटेल चौक पर कुर्मी क्षत्रिय महासभा प्रखंड अध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षक प्रवेश कुमार, चक्रपाणि पेट्रोल पम्प बाघी बरडीहा मोड़ पर संचालक पूर्व जिला पार्षद मथुरा प्रसाद, चकबाय महादलित टोला में लोजपा (रामविलास) प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार पासवान,उप मुख्य पार्षद आवासीय कार्यालय में अरुण कुमार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र सांबे में नप कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी,वरीय नागरिक संघ कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर दुबे, भाजपा कार्यालय में प. प्रखंड अध्यक्ष,जेडीयू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राय,आरजेडी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर प्रसाद कुशवाहा,कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष ओंकार कुमार,कोचगांव पंचायत भवन में मुखिया नीतू देवी,बाघीबरडीहा पंचायत भवन में मुखिया,महद्दीपुर पंचायत भवन में मुखिया प्रभु प्रसाद,सौर ग्राम कचहरी में सरपंच ब्रह्मदेव पंडित तथा सौर पंचायत भवन में मुखिया गुड़िया देवी ने हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।

# श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** शहर के नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में 76 वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूनम सिन्हा ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी है। इसके साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने राष्ट्रगान गा कर झंडे को सलामी दी है।वही इस मौके पर विद्यालय में आयोजित हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया गया है। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जदयू नेता सह समाजसेवी कुमार गौरव उसे गौरव सिन्हा के द्वारा किया गया है। पुरस्कार वितरण के पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की प्राचार्य पूनम सिन्हा ने पौधा एवं अंग वस्त्र देकर किया गया है।

विद्यालय में आयोजित शतरंज प्रतिस्पर्धा में विवेका हाउस ने टैगोर हाउस को हराकर विजेता बना विवेका हाउस से लक्की कुमार यादव को विजेता ट्राफी एवं टैगोर हाउस के हर्ष कुमार को उपविजेता ट्रॉफी दिया गया। कैरम बोर्ड प्रतिस्पर्धा में चंदन कुमार एवं हर्ष कुमार संयुक्त रूप से विजेता बने वहीं पीयूष एवं प्रत्यूष उपविजेता बने। बैडमिंटन के बॉयज टीम से आशीष कुमार विजेता बने एवं कुणाल कुमार उपविजेता। वही गर्ल्स टीम से अनामिका कुमारी विजेता एवं निहारिका उपविजेता बनी। खो खो प्रतिस्पर्धा में टैगोर हाउस ने कलम हाउस को हराकर विजेता बना टैगोर हाउस से कैप्टन चंदन कुमार के साथ पीयूष, हर्ष, प्रत्यूष, शिवम, रितिका कुमारी, आर्यन कुमार एवं निहारिका कुमारी थे। वहीं कलम हाउस के कप्तान आशीष कुमार के साथ कुणाल, अभिषेक, उज्जवल, लक्की, सीता कुमारी, मुन्नी, निधि एवं प्रानवी श्रीवास्तव थे।

वही कबड्डी प्रतिस्पर्धा में टैगोर हाउस ने विवेका हाउस को हराकर विजेता बना उसके टैगोर हाउस के कप्तान चंदन कुमार, पीयूष, हर्ष, उज्जवल, लक्की, शिवम एवं प्रत्युष खेल रहे थे। उपविजेता विवेक का हाउस के कप्तान कुणाल कुमार के साथ आशीष, अंकित, अभिषेक, निलेश, अभिसंत एवं वंश कुमार टीम में थे। विजेताओं को विनर एवं उपविजेताओं रनर ट्रॉफी के साथ सर्टिफिकेट एवं मैडल मुख्य अतिथि कुमार गौरव सिन्हा के द्वारा प्रदान किया गया है।जूनियर संवर्ग में आयोजित पिक द बॉल प्रतियोगिता के राउंड वन में प्री नर्सरी से कशिश ने प्रथम स्थान, प्रिंस ने द्वितीय स्थान एवं अनुष्का ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राउंड 2 में प्री नर्सरी से दिव्या ने प्रथम स्थान, नर्सरी से नित्य ने द्वितीय स्थान एवं विनायक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। राउंड 3 में नर्सरी से सृष्टि कुमारी एवं कार्तिक कुमार ने प्रथम स्थान, सक्षम कुमार एवं खुशी कुमारी ने द्वितीय एवं हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्नेक एंड लैडर प्रतिस्पर्धा में जूनियर केजी से वैभव ने प्रथम स्थान, ऋषभ ने द्वितीय एवं देवेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सीनियर केजी में कराए गए तीन राउंड प्रतियोगिता में क्रमशः अंजना, पीहू एवं विराज प्रथम स्थान पर रहे वहीं निशांत, प्राची एवं श्रेयांश द्वितीय स्थान पर रहे हैं। सभी प्रथम स्थान द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि कुमार गौरव गौरव सिन्हा ने मेडल देकर उनकी हौसला अफजाई की गई है। इस मौके पर गौरव सिन्हा ने सबसे पहले समझ देशवासियों को 76 में गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी और कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजनों से बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। पढ़ाई के साथ खेलकूद भी एक जरूरी अंग है। आज खेल कूद के माध्यम से भी अच्छे मुकाम हासिल किया जा सकते हैं। इस तरह के आयोजन करने के लिए विद्यालय प्रशासन को मैं बहुत साधुबाद देता हूँ। वही विद्यालय की प्राचार्य पूनम सिन्हा ने सभी को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान देश में लागू हुआ और हम गणतंत्र हुए हैं।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर, चिंताजनक हालत में विम्स पावापुरी रेफर, चालक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज रेलवे ओवर ब्रिज पर रविवार को बालू गिराकर तेज रफ्तार से आ रही टैक्टर ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उसकी जानकारी वारिसलीगंज थाना पुलिस के साथ 102 नंबर एम्बुलेंस को भी दिया।घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस तथा एम्बुलेंस ने जख्मी दोनों युवको को इलाज के लिए वारिसलीगंज सीएचसी में भर्ती कराया,जहां चिकत्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया।घायलों की पहचान वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गांव निवासी साधु यादव के पुत्र चंदन कुमार तथा इंद्रदेव यादव के पुत्र सौरभ कुमार के रुप में की गई है।वहीं, घटनास्थल पर लोगों ने ट्रैक्टर चालक वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसनखामा गांव निवासी रंजीत यादव के पुत्र पवन कुमार को पकड़कर जमकर पिटाई करते हुए पुलिस को सुपुर्द कर दिया।बताया जाता है कि घायल दोनों युवक वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-21 बलवापर गांव से अपने रिश्तेदार से मिलकर बाइक से अपना घर वापस लौट रहा था।तभी रेलवे ओवर ब्रिज पर बालू गिराकर तेज रफ्तार से आ रही टैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया।जिससे दोनों युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए।इस बाबत वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रुपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रेलवे ओभर ब्रिज पर ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार दो युवकों के जख्मी होने की सूचना मिली।सूचना बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों घायलों को इलाज के स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराई।साथ ही, भीड़ के चंगुल से चालक को मुक्त करा अपने कब्जे में ले लिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर: सेंट मेरीज स्कूल में धूम-धाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



रिपोर्ट राजेंद्र चौहान

सेंट मैरी स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक फादर शाजू द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन कर किया गया। इसके बाद कदम से कदम मिलाकर छात्रों ने मार्च पास्ट किया। स्कूल के प्रबंधक फादर शाजू ने छात्रों को गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाते हुए अपने शब्दो से सभी को सम्बोधित किया और उनका मार्गदर्शन करते हुए देश के लिए कुछ अलग करने के लिए प्रति प्रेरित किया जिससे भविष्य में छात्रों को अच्छे कार्यों के लिए याद किया जा सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सिस्टर रिंन्सी, सिस्टर प्रसन्ना , सिस्टर अमला व सिस्टर एंजेल सहित स्कूल के स्टाफ के सभी सदस्यगण उपस्थित थे। विद्यालय मीडिया प्रभारी आदित्य खन्ना ने बताया इसमें अलग-अलग कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और छात्राओं ने समूह गान व देशभक्ति के कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।वहीं नन्हे-मुन्ने छात्रों द्वारा डांस, भाषण, लघु नाटिका एवं नुक्कड नाटक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर देशभक्ति की भावना को व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल स्टाफ़ समेत सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### किसान से मारपीट और लूट के मामले में दरोगा सहित तीन सिपाहियों को 3 साल की सजा




रिपोर्ट महताब अहमद

बिजनौर कोर्ट ने 30 साल पुराने एक मामले में एक दरोगा और दो पुलिस कर्मियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाए है अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जानलेवा हमला वह लूट के मामले में तीनों दोषियों पर 34 34 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है यह मामला 12 नवंबर 1995 का है जब बिजनौर के थाना मंडावर के ग्राम सहजादपुर निवासी सतपाल अपने ट्रैक्टर ट्राली से काश के पूले और अपने गन्ना भुगतान के 1731 रुपए लेकर लौट रहा था जब वह अपने कल्लू के पास पूले उतार रहा था तभी थाना मंडावर में तैनात दरोगा शिवराम यादव सिपाही ओमवीर भाटी सिपाही राजेंद्र सिंह और सिपाही सतपाल तभी वहां पहुंचे पुलिस कर्मियों ने बगैर किसी कारण के सतपाल के साथ मारपीट की और राइफल की बट से उसे घायल कर दिया इतना ही नहीं उन्होंने उसकी जेब में से 1731 रुपए भी निकालिए जब राकेश और दयाराम ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें भी पीटा गया और पुलिसकर्मी सतपाल को जबरन टेंपो में बिठाकर ले जाने लगे मोहम्मदपुर देवमल चौराहे पर सतपाल के भाई मूलचंद और ग्रामीणों ने टेंपो रुकवाया और सवाल किया इस दौरान सतपाल टेंपो से भाग निकला पुलिस कर्मियों ने उसे जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की और उसके भाई मूलचंद को भी पीटते हुए थाने ले गए बाद में मूलचंद पर झूठा केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया सीओ की जांच में लूट और मारपीट की घटना सही पाई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज हुआ और पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 307,394 ,323,504, 500 के तहत चार सीट दाखिल की गई लंबी कानूनी लड़ाई के बाद न्यायालय की जीत हुई और दूसरी पुलिस कर्मियों को सजा मिली कोर्ट में विचरण के दौरान सिपाही सतपाल की मौत हो गई कोर्ट ने दरोगा शिवराम यादव सिपाही ओमपाल भाटी सिपाही राजेंद्र सिंह को जानलेवा हमला लूट मारपीट जान से मारने की धमकी देने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# जालौन : पुलिस लाईन उरई के मैदान में 76वां गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया

लोकतंत्र की आवाज

## डी एम राजेश पांडेय ने ध्वजा रोहन कर ली परेड की सलामी





**जालौन ।** पुलिस लाइन उरई के मैदान में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के बैच और कैप पहनाकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने झंडारोहण किया और परेड की सलामी ली। इसके बाद कदमताल करते हुए विभिन्न टोलियों ने जिलाधिकारी को सलामी दी, जिससे पूरा मैदान देशभक्ति के जज्बे में गूंज उठा।परेड में 9 टोलियों ने भाग लिया, जिनमें 2 महिला सिपाही टोलियां, 2 ठउउ कैडेट टोलियां, और एक टोली ढफ्ऊजवानों की थी। परेड का नेतृत्व माधौगढ़ सीओ राम सिंह ने किया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और जनसाधारण को संविधान की शपथ दिलाई और 76 वर्षों में भारत के गणराज्य बनने की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भारत ने 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्त की थी और इसके बाद देश के नेताओं ने एक मजबूत और न्यायपूर्ण संविधान बनाने का निर्णय लिया था। संविधान का मसौदा डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में तैयार हुआ और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। उन्होंने कहा कि आज भारत विविधता में एकता का प्रतीक बन चुका है और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे प्रदेश को समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही अटल पेंशन योजना में भी उत्तर प्रदेश ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। राज्य ने 96 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की स्थापना की है और अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान 25,12,585 दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। उत्तर प्रदेश ने कृषि निवेशों पर किसानों को डी.बी.टी. के माध्यम से अनुदान भुगतान में भी पहल की है और गन्ना, खाद्यान्न, आम, दुग्ध और आलू उत्पादन में शीर्ष स्थान पर है। राज्य ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ शौचालय निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।कौशल विकास नीति के तहत उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है, साथ ही ई-मार्केट प्लेटफॉर्म (जेम) के तहत सबसे अधिक सरकारी खरीददारी भी की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में भी उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, राज्य में वृक्षारोपण अभियान के तहत 36.51 करोड़ पौधे रोपित किए गए हैं, और वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग को सर्वश्रेष्ठ अंतर्रस्थलीय मात्स्यिकी राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में सजा दिलाने के मामले में भी उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर जिला जज अचल सचदेव, सांसद नारायण दास अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक विनोद चतुर्वेदी, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि आरपी निरंजन, जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान आदि जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा कैम्प कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट असमीन सलमानी

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा कैम्प कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम से बनाया गया गणतंत्र दिवस स्योहारा। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा रविवार को अपने ही कैंप कार्यालय बुढ़नपुर बिजनौर उत्तर प्रदेश पर 76 वे गणतंत्र दिवस का उत्सव बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारी द्वारा 76 वे गणतंत्र दिवस झंडा फहराया गया। और पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। और तिरंगे को सलाम किया गया। तथा और दिव्यांगों के साथ साथ गणमान्य लोगों व समाजसेवी ने भी हिस्सा लिया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारी उस्मान चांद द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तथा कार्यक्रम में अतिथि आए एसोसिएशन के पदाधिकारियों की कार्यक्रम को देख सराहना की। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर ने कहा कि सबसे पहले पूरे भारतवर्ष के राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देना चाहता हूं। और उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणतंत्र दिवस बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई उनका शोषण करता है बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस मौके पर फिरोज आलम, मौ आजम अंसारी, अमित ठाकुर, उस्मान चांद, इंतजाम, सितारे आलम, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकूल, सुशील, इकबाल उस्मानी, नाज़िश, शकील सलमानी, मौलाना इनामुल हक आदि कार्यकर्ता पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# मंडावर किसान यूनियन ने मनाया बड़ी धूमधाम से 76वां गणतंत्र दिवस



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट महताब अहमद

थाना प्रभारी मृदुल कुमार व किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष वकार अहमद ने झंडा फहराया इसके बाद कस्बे में सैकड़ो ट्रैक्टर द्वारा एक विशाल रैली निकाली गई वकार अहमद नगर अध्यक्ष के नृत्यव में कस्बा मंडावर में तिरंगा यात्रा निकाली गई हाजी तहजीब इरशाद अहमद अनीश डॉक्टर तजमुल बाग राशिद बाग बब्बू भाई वजीर अहमद ज़ाकिर बेग बॉबी सक्सेना छु नन बेग सोनू बेग आमिर अहमद शाकिर बेग ताहिर हुसैन शाहिद हुसैन परवेज़ पत्रकार सन्नू अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने आईटीआई कॉलेज में टैबलेट व प्रमाण पत्र वितरण किए

लोकतंत्र की आवाज



**उरई।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई (जालौन) में आज दिनांक 27 जनवरी 2025 को प्रातः 12:00 बजें प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ दिनांक 24 जनवरी 2025 (उ०प्र० दिवस), 25 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय मतदाता दिवस) एवं 26 जनवरी 2025 (गणतन्त्र दिवस) के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री गौरीशंकर वर्मा सदर विधायक रहे। कार्यक्रम के शुरूआत में सरस्वती वन्दन एवं दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम का उदबोधन करते हुए मा० विधायक जी ने सरकार की उपलब्धियों को बतलाते हुए मुख्यमन्त्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत मिलने वाले रू0 05 लाख के ब्याज रहित लोन के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत कोर्स पूर्ण कर प्रमाण पत्र लेने वाले अभ्यर्थियों को ही सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होने पात्र अभ्यर्थियों को सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ को प्राप्त कर स्वयं का बिजनेस शुरू करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा आप लोग ही देश की नींव है अगर आप लोग सफल होते है तो हमारे प्रदेश के साथ-साथ हमारे जनपद का भी नाम रोशन होता है। अन्त में उन्होंने सभी प्रमाण पत्र प्राप्त अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्री अभय कुमार शुक्ला इण्डियन बैंक शाखा प्रबन्धक उरई भी उपस्थित रहे। उन्होने बैंक में चल रहे सरकारी योजनाओं के बारे में अभ्यर्थियों को अवगत कराया साथ ही पात्र अभ्यर्थियों को लोन प्राप्त करने में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। कार्यकम के अन्त में नोडल प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि माननीय श्री गौरीशंकर वर्मा सदर विधायक जी को मोमेन्टो देकर अभिवादन किया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों, उपस्थित अभ्यर्थियों एवं प्रशिक्षार्थियों का अभिवादन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य कोंच श्री रमेश कुमार, संस्थागत कार्यदेशक श्री कमलेश कुमार चतुर्वेदी, श्री नरेन्द्र सिंह भदौरिया कार्यदेशक कालपी, श्री नीलेश राव, कपिलदेव वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह यादव, श्री साविर खान, राजेन्द्र पाल, श्री हरगोविन्द, श्री भारत कुमार शर्मा, एमआईएस मैनेजर, श्री तौफीक अहमद एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# बिजनौर: जंगल गई महिला पर गुलदार ने किया हमला घायल, क्षेत्र में गुलदारों के आतंक से लोगों में दहशत

लोकतंत्र की आवाज






रिपोर्ट रोहित कुमार

**चांदपुर।** क्षेत्र के गांव फैजीपुर के जगंल में गन्ना काटते समय पीछे से गुलदार ने हमला बोल दिया। गुलदार ने महिला को गन्ने के खेत में खींचकर ले गया। वहीं गन्ना काट रहे लोगों ने महिला को गुलदार से छुड़ाया। गंभीर हालत में महिला को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची गुलदार को पकड़ने के लिए ट्रैप कमरे लगाये। गुलदार के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। नगर के मोहल्ला सराय रफी निवासी सोनू की पत्नी पूनम देवी बृहस्पतिवार की सुबह पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। जैसे ही क्षेत्र के गांव फैजीपुर के जंगल में पहुंची तो जैसे ही पूनम देवी गन्ना काट रही थी तो पीछे से गुलदार ने पूनम देवी पर हमला बोल दिया। गुलदार पूनम देवी को गन्ने के खेत में खींच कर ले गया। पूनम देवी की चीख पुकार सुनकर वही पर गन्ना छील रहे महिपाल केला देवी श्रवण कुमार नौभार पीतम अनीश आदि ने अपने हाथों में गन्ना व दराती लेकर गुलदार के पीछे भागने लगे और गुलदार महिला को छोड़कर वहा से भाग गया। गुलदार ने पूनम देवी के सिर गला हाथ और सीने पर हमला कर दिया था। वहां काम कर रहे लोगों ने घायल अवस्था में पूनम देवी को निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। गुलदार के हमले से लोगों में दहशत का माहौल है वहीं लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग के उच्च अधि कारी को दी। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंच गई। वहीं वन विभाग की टीम ने ट्रैप कैमरा लगाकर गुलदार पकड़ने के लिए लगाया गया है। क्षेत्र के गांव बाबरपुर पीपलसाना कराल आदि गांव में गुलदार देखा गया है जिससे गुलदारों के आतंक से किसान भी जंगल जाने में भी कतरा रहे हैं। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत सिंह ने बताया है की सुबह सूचना मिली थी की महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया है। उन्होंने बताया है कि अगर जंगल किसान जा रहा है तो एक समूह बनाकर जाए। गन्ना के खेत में जाने से पहले शोर शराबा कर दें। अगर कोई भी जानवर होता हो तो वहां से भाग जाएगा।

# बिजनौर : मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह

नजीबाबाद ब्लाक द्वारा कोतवाली रोड़ स्थित सप्तपदी वेंकट हाल में ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल की अध्यक्षता व खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेबतिया के निर्देशन में और एडीओ समाज कल्याण अतुल कुमार के कुशल संचालन में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अनुसार सभी जाति धर्म और वर्गों की गरीब कन्याओं को बगैर भेदभाव के योजना में सम्मिलित कन्याओं को विवाह के लिए आर्थिक सहायता के रूप में विवाह के अवसर पर तत्काल इक्यावन हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है और साथ ही विवाह का प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर प्रत्येक योजना को जनता तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना आज प्रदेश की बहुत ही लोकप्रिय योजना बन चुकी है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज इस योजना में लगभग तीन सौ से भी अधिक हिन्दू मुस्लिम जोड़ों ने भाग लिया। इस विवाह कार्यक्रम में लगभग तीन हजार लोग उपस्थित रहने का अनुमान है। जिन्होंने इस विवाह कार्यक्रम में उपस्थित होकर विवाह कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगाये। इस विवाह कार्यक्रम में समाज के संभ्रांत व्यक्ति, समाजसेवी, राजनीति , महिला, पत्रकार और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मुझे भी इस विशाल, भव्य, दिव्य और सुंदर विवाह कार्यक्रम में वर-वधू को आशीर्वाद देने का प्रशासनिक विशिष्ठ अतिथि के रूप में निमंत्रण मिला। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता क्षेत्र पंचायत सदस्य पूर्व जिला महामंत्री चौधरी विक्रम सिंह खोबे, विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ईशम सिंह, विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगनेश कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रशांत कुमार,लोकदल नेता एडवोकेट ब्रजराज सिंह, विश्वहिंदू परिषद् नेता मलखान सिंह, लोकदल नेता सुनील कुमार, प्रशासनिक अधिकारी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, जिला पशुपालन अधिकारी,एडीओ पंचायत, एडीओ समाज कल्याण, एडीओ कृषि विभाग और समस्त ब्लाक स्टाफ जिनकी मेहनत से यह कार्यक्रम सुंदर व्यवस्थित और सफल रहा। सभी का हृदय से आभार व धन्यवाद।

# एस पी ने 25 लघु निर्माण के अंतर्गत अनुदान प्राप्त होने वाली निम्न कार्यों की मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की

लोकतंत्र की आवाज

**उरई।** पुलिस अधीक्षक डॉ० दुर्गेश कुमार ने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइन उरई जनपद जालौन में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मानक मद 25-लघु निर्माण के अंतर्गत अनुदान प्राप्त होने के फलस्वरूप निम्न कार्यो की मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। उन्होंने बताया कि रिजर्व पुलिस लाइन उरई में डायल-112 से महिला हॉस्टल की ओर इंटरलॉकिंग निर्माण(250 वर्ग मी०) का कार्य (भाग-1) के आगणन की धनराशि रु० 3.04 लाख, रिजर्व पुलिस लाइन उरई में डायल-112 से महिला हॉस्टल की ओर इंटरलॉकिंग निर्माण(300 वर्ग मी०) का कार्य (भाग-2) के आगणन की धनराशि रु० 3.65 लाख, रिजर्व पुलिस लाइन उरई में डायल-112 से महिला हॉस्टल की ओर इंटरलॉकिंग निर्माण(200 वर्ग मी०) का कार्य (भाग-3) के आगणन की धनराशि रु० 2.43 लाख, रिजर्व पुलिस लाइन उरई में डायल-112 से महिला हॉस्टल की ओर इंटरलॉकिंग निर्माण(50 वर्ग मी०) का कार्य (भाग-4) के आगणन की धनराशि रु० 2.62 लाख है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यो हेतु दिनांक 26.01.2025 को निविदा/टेण्डर प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग आमंत्रित की जाती है। निविदा/टेण्डर फार्म दिनांक 26.01.2025 से 01.02.2025 समय 14:00 बजे तक वितरण किये जायेगे। प्रस्तावित निर्माण कार्य के नक्शे/आगणन एवं निर्धारित रूप रेखाएं



प्रोक्योरमेंट सेल, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, उरई (जालौन) में किसी भी दिवस में निविदा/टेण्डर के निर्धारित तिथि के पूर्व प्रातः 11:00 बजे से 05:00 बजे के मध्य देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र मुहरबन्द लिफाफा दिनांक 01.02.2025 को समय 14:00 बजे तक डाली जायेगी। जिसके ऊपर कार्य का विवरण एवं निविदाकर्ता का नाम अंकित हो निर्धारित समय में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा होगी। इसके उपरान्त किसी प्रकार की निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी एवं बाक्स सील कर दिया जायेगा। निविदा में विभिन्न कार्यो के लिए अलग-अलग व साफ साफ खर्चा अंकित किया जाना चाहिए। निविदा/टेण्डर निर्धारित फार्म पर ही भरी जायेगी जिसकी फीस रू0 100/- प्रति होगी। निविदा प्रत्येक कार्य के लिए अगल फार्म पर डाली जायेगी। निविदाकर्ता फार्म डालने से पूर्व कार्य का भली- भांति निरीक्षण कर लें तथा कार्य की जानकारी प्राप्त कर लें, अन्यथा इस सम्बन्ध में विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा / टेण्डर के साथ किसी सरकारी संस्था अथवा जिला परिषद द्वारा निर्गत किया गया ठेकेदारी प्रमाण पत्र जो वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अनुमन्य हो की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा/टेण्डर के साथ प्रस्तावित निर्माण कार्य की धनराशि के 1% प्रतिशत नकद अर्नेस्टमनी संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके बिना निविदा/टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा/टेण्डर होने पर ठेकेदार द्वारा निविदा की धनराशि का 10% प्रतिशत जमानत राशि के रूप में जमा करना होगा तथा अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। निविदा/टेण्डर उसी दिन अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

# सुंगरपुर बेहड़ा के तीन घरों में लाखों की चोरी बिजनौर पुलिस काली कमाई में मस्त

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

चोरी की घटना के बाद एसपी, एसपी सिटी और सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षक थाना क्षेत्र के गांव सुंगरपुर बेहड़ा में चोरों ने कस्टम अधिकारी और यूपी पुलिस के दारोगा सहित कई घरों का ताला तोडकर लाखों की नगदी और सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। नांगल थाना क्षेत्र के गांव सुंगरपुर बेहड़ा में अज्ञात चोरों ने दो सगे भाई प्रिंस कुमार कस्टम अधिकारी और कशिक कुमार यूपी पुलिस दरोगा के घर पर धावा बोल दिया। इसके बाद चोरों ने घर के ताले तोड़कर बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उनके घर 15 लाख नगद और लाखों रुपए के सोने, चांदी जेवरात रखे थे। दोनो भाइयों के घर पहुंचने पर पता चलेगा कि चोरों ने कितना मॉल साफ किया। इसके साथ ही चोरों ने मोहित अफजलगढ़ में हुई चोरी की घटना का नही हुआ खुलासा अफलनगढ़ थाना क्षेत्र के दो गांव में परिवार वालों को बंधक बना कर लूट की घटना को अंजाम दे दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए ग्रामीण सुरक्षा समिति व ग्राम प्रधानो के साथ बैठक कर सर्तक रहने की सलाह दी थी। पुलिस ने भी जनपद भर में संदिग्ध व्यक्ति व संदिग्ध वाहनों का चेकिंग अभियान चला रखा है। अफजलगढ़ में हुई चोरी की घटना का अभी तक खुलासा नही हुआ था। एसपी अभिषेक झा ने घटना के खुलासे के लिए टीम बना दी है। के घर का ताला तोड़कर लगभग 15 हजार रुपए और लाखों के जेवर चुरा लिए और इसी गांव के भीम के घर का ताला तोड़कर एक हजार रुपए चुरा लिए। कस्टम अधिकारी और पुलिस अधिकारी सहित तीन घरों में लाखों की चोरी की घटना से पुलिस विभाग हड़कंप मच गया। सूचना पर नांगल थानाध्यक्ष संजय कुमार तोमर पुलिस बलके साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। घटना स्थल का एसपी अभिषेक झा, एसपी सिटी संजीव वाजपेई, सीओ नजीबाबाद देश दीपक और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की।

# संक्षिप्त खबरें ।

## जगदीशपुर नगर पंचायत में मुख्य पार्षद ने शान से फहराया तिरंगा झंडा



लोकतंत्र की आवाज़

जगदीशपुर/भोजपुर। 76 वे गणतंत्र दिवस पर चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने नगर पंचायत कार्यालय,जगदीशपुर में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और विकास का वादा दोहराया। उन्होंने कहा कि नगर के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। चेयरमैन ने कहा कि लोगों ने जिस विश्वास के साथ नगर के विकास व बुनियादी जरुरतों को पूरा करने की अहम जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर वह खड़ा उतरेंगें। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए नगर वासियों का भी सहयोग जरूरी है। समारोह में एसडीएम संजीत कुमार,एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, जेई रौशन कुमार पांडेय,धनुपारा देवी,वार्ड पार्षद उमा देवी,गंगाजली देवी, शोभा देवी, अनीता देवी, नर्गिस खातून,रंजीत राज,गोविंदा कुमार,बजरंगी सिंह,सुनील कुमार, रविंद्र चौधरी मुन्ना चौधरी, रमेश नट, स्वतंत्र यादव,विकास कुमार, मनीष कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## सुपौल में महादलित बस्ती में उत्सवी माहौल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया



लोकतंत्र की आवाज

सुपौल। गणतंत्र दिवस के 76 वें वर्षगांठ के मौके पर सुपौल जिला प्रशासन कौशल कुमार के आदेशानुसार अपर समाहर्त्ता, राशिद कलीम अंसारी ने जिले के पिपरा पंचायत-पिपराखुर्द के वार्ड नं0-8 महादलित टोला में पाँचू राम के दरवाजे पर खुद पहुंच कर झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिक भी उपस्थित थे।अपर समाहर्त्ता, राशिद कलीम अंसारी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले वासियों को 76 वी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा जिले में किए जा रहे विकास के कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी मिलकर कार्य कर रहे हैं। राशिद कलीम अंसारी ने आम जनमानस से आपसी भाईचारा ,सद्भाव और प्रेम बनाए रखने की अपील की। उसके बाद अपर समावर्ता राशिद कलीम अंसारी ने वहाँ उपस्थित सभी ग्रामीण एवं बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया।

## गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राहुल ठाकुर के नेतृत्व में एक युवक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। रविवार को लगभग 11:00 दिन में गुप्त सूचना थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर प्राप्त हुआ कि एक युवक देसी कट्टा लेकर लतीपुर चौक के पास मौजूद है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर को सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए ।थानाक्षेत्र के लत्तीपुर चौक पर लोडेड कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।जिसकी पहचान लत्तीपुर निवासी अक्षय कुमार,पिता दिलीप सिंह के रूप में हुई । थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि बिहपुर थाना में केस दर्ज कर उस आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में सोमवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# त्रिवेणीगंज अनुमंडल में आन-बान और शान के साथ लहराया तिरंगा

### एसडीएम शंभू नाथ ने कहा आज़ादी की लड़ाई में सपूतों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता

लोकतंत्र की आवाज



सुपौल। जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल परिसर में पूरे आन बान शान के साथ 76 वां गणतंत्र दिवस अनुमंडल परिसर में एसडीएम ने तिरंगा झंडा को दी सलामी, तिरंगा लहराया। सुबह से ही राष्ट्रीय पर्व को ले उत्सवी माहौल था। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने आकर्षक झांकी निकाली।अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम शंभू नाथ ने झंडोत्तोलन किया। और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। वहीँ एसडीएम शंभू नाथ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अमर जवानों को याद किया। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार एवं विधायक वीणा भारती सहित गणमान्य लोग मौजूद थी। एसडीएम ने अनुमंडल मुख्यालय, डीएसपी आवास, प्रखंड मुख्यालय, रेफरल अस्पताल, आईसीडीएस कार्ययल समेत 25 स्थानों पर झंडा तोलन में शामिल हुए। साथ में डीएसपी बिपिन कुमार एवं एलआरडीसी संस्कार रंजन, थाना प्रभारी रामसेवक रावत मौजुद थें ।

वहीं एलआरडीसी संस्कार रंजन ने तहसील कार्यालय , प्रमुख काजल देवी ने प्रखंड कार्यालय, बीईओ बीआरसी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।, थाना परिसर में थानाध्यक्ष रामसेवक रावत, अनुमंडलीय अस्पताल में प्रभारी इंद्रदेव यादव ,झंडोत्तोलन किया उसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में अनूपलाल महाविद्यालय कॉलेज में मुख्य समारोह की आयोजन किया गया, एसडीएम शंभू नाथ ने देश की आजादी के लिये महात्मा गांधी ने यही से शंखनाद किया व निलहो की गुलामी से किसानों को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि हमारी महान स्वतंत्रता सेनानी की कड़ी मेहनत और संघर्ष के पश्चात ही पूर्ण स्वराज मिला है, कहां कि हमारे लिए बहुत कुछ किया ताकि हमें वह जुल्म सहना ना पड़े और हमारा देश भारत आगे बढ़ता रहे उनके इस बलिदान को हम कभी भुला नहीं सकते सम्मानित अनुमंडल वासियों आजादी की लड़ाई में त्रिवेणीगंज अनुमंडल के वीरों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता ,एसडीएम शंभू नाथ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र वासियों को 76 वी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा जिले में किए जा रहे विकास के कार्यों को गिनाया। एसडीएम ने महत्वपूर्ण योजना बिजली ,राशन कार्ड ,नल जल ,आवास, सात निश्चय सहित कई सकार के द्वारा चलाए गये योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी मिलकर कार्य कर रहे हैं।

एसडीएम शंभू नाथ ने कहा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न समुदाय के पर्व त्योहार जैसे दुर्गा पूजा दीपावली मोहर्रम ईद बकरीद क्रिसमिस डे को शांति तरीके से संपन्न कराने में अनुमंडल प्रशासन की महत्व भूमिका रही है, अनुमंडल प्रशासन की तत्परता से अभी तक अनुमंडल में धार्मिक उन्माद की कोई घटना घटित नहीं हुई है, जिसमें अनुमंडल वासियों को सराहनीय भूमिका रही है अनुमंडल वासियों को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर हम सभी को मिलकर यह संकल्प ले कि अनुमंडल की विकास के लिए आपसी सहयोग भाईचारा संप्रदायिक सद्भाव निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कदम से कदम मिला कर कार्य करे तथा अनुमंडल को विकास के मानाचित्र पर प्रतिष्ठित करें, मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार, मनरेगा पीओ विजय कुमार, अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह, बीपीआरओ मनीष कुमार, उप प्रमुख गुड्डू ओमप्रकाश, पंचायत समिति बोधी यादव, पंचायत समिति अशोक यादव, पंचायत समिति वीरेंद्र यादव, समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# प्राथमिक विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज़

जगदीशपुर/भोजपुर। प्रखंड जगदीशपुर के ककीला पंचायत के पलिया गाँव स्थित प्राथमिक विद्यालय पलिया मे 76वा गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रधाना ध्यापक मो0 शाकिर अली शिक्षक राकेश गहलोत शिक्षिका बसंती कुमारी, स्वेता कुमारी एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधाना ध्यापक मो0शाकिर अली ने कहा की 26 जनवरी एक राष्ट्रीय त्योहार के रूप मे मनाया जाता है जो जाती=पांति, धर्म ऊंच नीच से परेय है !लेकिन समाज मे अभी भी कही कही लोग संविधान का पालन ना करके लोगो को धर्म एवं जाति के आधार पर अलग अलग बांटते है !ऐसे मे इस गणतंत्र दिवस हम सभी को ये शपथ लेनी चाहिए कि भारत के संविधान को पूरी तरह से पालन करके देश से सभी प्रकार की कुरीतियों को बाहर निकाल देना है और सभी से समान व्यवहार करके देश को आगे बढ़ाना है ! और आगे कहते है कलम जब भी उठाया मुल्क को ज़ीशान लिखा है, सितम सह कर भी हमने प्यार का इनाम लिखा है, हमे नफरत भरी नजरों से हर दम देखने वालो,हमारे दिल मे झाको सिर्फ हिंदुस्तान लिखा है,और आगे कहते है इंसानियत ही धर्म है हमारा तिरंगा हमारी पहचान है,हम भारत के है और भारत हमारा है इसका हमे अभिमान है।

# आन बान शान से लहराया तिरंगा, गूंजे देशभक्ति गीत

लोकतंत्र की आवाज़



जगदीशपुर/भोजपुर। एनएच-319 स्थित जगदीशपुर प्रखंड के केसरी गांव में रविवार को चकवा पंचायत के जीविका दीदी पिंकी देवी ने झंडा तोलन किया तथा झंडे की सलामी दी गई। राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है, जो 26 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ था, जिससे भारत एक संप्रभु गणराज्य बना। यह दिन भारतीय लोकतंत्र, स्वतंत्रता, और समानता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। पूरे देश में इस अवसर पर विभिन्न समारोह और परेड आयोजित की जाती हैं। यह दिन भारतीय नागरिकों के अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक माना जाता है।

# जगदीशपुर विधायक ने आन बान शान से लहराया तिरंगा, गूंजे देशभक्ति गीत

लोकतंत्र की आवाज़



जगदीशपुर/भोजपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगदीशपुर राजद कार्यालय पर विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। 76वें गणतंत्र दिवस पर जगदीशपुर विधान सभा भर में आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया। चारों तरफ भारत माता की जय, वंदेमातरम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। इस मौके पर राजद कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे। इसके अलावा, पीरो प्रखंड के अमेहता महादलित मुहल्ला में गरीबा राम ने झंडोत्तोलन किया, जिसमें विधायक भी शामिल हुए। विधायक लोहिया जिला राजद कार्यालय एवं रमना मैदान आरा में आयोजित मुख्य समारोह में भी शामिल हुए। जगदीशपुर विधान सभा के राजद विधायक रामविशुन सिंह लोहिया ने कहा कि बिहार में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो 2025 में हमारी सरकार बनने पर हम ''माई-बहिन मान योजना'' के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने का कार्य क़रेंगे। 200 यूनिट बिजली फ्री और नए बिहार के साथ ''समृद्ध महिला, सुखी परिवार'' का सपना भी सच होगा। इन नकद हस्तांतरणों का गुणक प्रभाव महत्वपूर्ण है। महिलाओं की बेहतर आर्थिक स्थिति पूरे परिवार और समुदाय के लिए लाभदायक हैं। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रहते पाँच लाख लोगों को नौकरी दी। साढ़े तीन लाख नौकरी का दरवाजा खोला और तेजस्वी ने जो नौकरी को लेकर लकीर खिचीं आज लोग उसी पर बात कर रहे हैं।

# जिले में आन-बान-शान से फहराया गया तिरंगा

लोकतंत्र की आवाज़



- गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति के रंग में डूबे लोग, वीर कुंवर सिंह का किला में हुआ मुख्य समारोह

आरा/भोजपुर। वंदे मातरम की गूंज के साथ 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्र के आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा रविवार को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में फहराया गया तथा झंडे की सलामी दी गई। जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा शान के साथ लहराया।गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में समारोह आयोजित कर राष्ट्रध्वज फहराया गया। जगदीशपुर के ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह किला पर काफी उत्साह और उमंग के बीच गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। सभी लोग जोश और देशभक्ति से लबरेज थे। चारों तरफ लोगों में राष्ट्रप्रेम का जज्बा दिखाई दे रहा था। हर तरफ देशभक्ति के तराने गूंज रहे थे।

सरकारी गैर-सरकारी और निजी संस्थानों में देश प्रेम अपने उफान पर था। सर्वप्रथम एसडीएम संजीत कुमार ने बाबू कुंवर सिंह के किला पर झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रीय ध्वज को नमन करते हुए परेड की सलामी लिया। इसके पश्चात एसडीएम ने वीर कुंवर सिंह का आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह,नपं के चेयरमैन संतोष कुमार यादव,अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया, डीसीएलआर अमरेंद्र कुमार,बीडीओ ड्रा. सुदर्शन कुमार,थानाध्यक्ष विगाऊं राम,एमओ अमृता कुमारी,नगर अभियंता रौशन कुमार पांडेय सहित अन्य प्रशासनिक अफसरों और जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

इसके पश्चात,इधर राजद प्रखंड कार्यालय में विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम संजीत कुमार,प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख सविता कुमारी, नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव, जगदीशपुर थाना में थानाध्यक्ष विगाऊ राम, दावां पंचायत सरकार भवन पर मुखिया सुषुमलता कुशवाहा, हरिगांव पंचायत सरकार भवन पर मुखिया विजय शंकर चौबे उर्फ टुन्ना चौबे, उतरवारी जंगल महाल पंचायत भवन में मुखिया सोनामती देवी, बरनाव पंचायत के मुखिया प्रियंका देवी, हेतमपुर पंचायत के मुखिया ध्रुव राय , पश्चिमी आयर मुखिया उमेश सिंह कुशवाहा,अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक राघवेंद्र किशोर, सहित सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों और राजनीतिक दलों के प्रमुख ने निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन कर तिरंगे ध्वज को सलामी दी। वही महादलित टोला में भी झंडोत्तोलन किया गया। मौके पर मौजूद रहे रंजीत राज, बजरंगी सिंह, शाहबाज वारिश खान,अजय चौधरी,सुरेंद्र शाह, मिलंद चौधरी, संध्या सिंह, पप्पू यदुवंशी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# शान से फहराया तिरंगा, बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

लोकतन्त्र की आवाज



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पूरे प्रखंड में 76 वां गणतंत्र दिवस की धूम रही। धूमधाम से तिरंगा लहराया। देश की आन ,बान, शान तिरंगा को लोगों ने सलामी ली ।कई स्थान पर बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रायः सभी सरकारी, गैर सरकारी, और अर्ध सरकारी कार्यालय में झंडोतोलन किया गया। पीरपैंती एसडीपीओ 2 कार्यालय में डॉक्टर अर्जुन कुमार ने झंडा फहराया, पीरपैंती थाना परिसर में थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने झंडा फहराया, ज्ञान ज्योति निकेतन सह पाण्डेय कोचिंग सेंटर में केदारनाथ पांडे ने, पीएम पब्लिक स्कूल में मनोज शास्त्री ने ,ज्ञानोदय शिशु सदन, पीएम पब्लिक , डी ए वी स्कूल सहित सभी जगह झंडा फहराया गया। वही चंपा देवी बालिका विश्वविद्यालय में प्रधानाध्यापक महताब आलम ,लक्ष्मी नारायण उच्च विद्यालय में अनुज कुमार , मध्य विद्यालय बालिका में सुबोध पाण्डेय, ने झंडा तोलन किया। जदयू कार्यालय में विवेकानंद गुप्ता, भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक अमन कुमार , हरे राम शर्मा, प्रखंड कार्यालय प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, रेलवे स्टेशन पर से में अजय कुमार, आरक्षी निरीक्षक कार्यालय , कई कोचिंग सेंटर में भी झंडा तोलन और संस्कृति कार्यक्रम की सूचना है।

कृषि फॉर्म मैदान सुंदर पुर में झंडोतोलन, बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का लोगो ने आनंद उठाया। तान्या कौशल केंद्र में पुरुषोत्तम शर्मा, सिमान पुर विद्यालय में मनीष कुमार,पंचायत भवन शेरमारी,पीरपैंती बाजार में रवि प्रकाश शर्मा, मुखिया अरविंद साह , उज्जवल पब्लिक स्कूल पीरपैंती बाजार में संस्कृति कार्यक्रमों की धूम रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। बच्चों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। प्रायः सभी पंचायत के पंचायत भवन में भी झंडा तोलन की सूचना है। वहीं हीरानंद स्थित प्राथमिक विद्यालय में झंडा तोलन भी किया गया डा दीप शिखा ने बच्चों के बीच कॉपी, कलम, पेंसिल, भी वितरण किया।प्रधान्याधिपिका रीमा सिंह ने डा दीप शिखा को सम्मानित किया।

# सोनबर्षा में महाविष्णु यज्ञ कार्यालय का कमेटी अध्यक्ष ने किया विधिवत उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। रविवार को बिहपुर प्रखंड के सोनबर्षा में तीन फरवरी से आरंभ होने वाले महाविष्णु महायज्ञ के आयोजन के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन कमेटी अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रो.डॉ.अवधकिशोर राय एवं प्रो. विजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वहीं मौके पर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

इस मौके पर अध्यक्ष सह पूर्व कुलपति डॉ अवधकिशोर राय ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल है। आज यह यज्ञ का स्वरूप समस्त सोनवर्षा ग्रामवासियों की मेहनत, श्रद्धा एवं लगन का परिणाम है। साथ ही उन्होंने कुछ अफवाहों को नजरअंदाज करने की सलाह देते हुए कहा की जो लोग अफवाह फैला रहे हैं कि यज्ञ कमिट को 51 लाख, एक करोड़ रुपये का चंदा दिया गया है। वो सरासर झूठ एवं अफवाह है। अगर ऐसे शरारती और असामाजिक तत्व शांत नहीं बैठेंगे तो कमेटी द्वारा उन पर कानूनी कार्रवाई करने को विवश हो जाएगी।यह यज्ञ समस्त सोनवर्षा ग्रामवासी के सहयोग एवं सामुहिक प्रयास से हो रहा है।

# डे-नाईट कबड्डी चैम्पियनशिपः कबड्डी ने जीता नारायणपुर का दिल

### मार्चपास्ट के साथ सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। 67वाँ गणतंत्र दिवस के अवसर पर भागलपुर जिला कबड्डी संघ व बिहार राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में नारायणपुर प्रखंड में आयोजन समिति संयोजन में हो रहे दो दिवसीय डे-नाईट कबड्डी टूर्नामेंट में महिला व पुरुष वर्ग से कुल सोलह टीमें भाग ली।

चैम्पियनशिप में आए दो सौ की संख्या में खिलाड़ी, कोच,मैनेजर के अलावे नवोदय विद्यालय, नगरपाड़ा, भागलपुर के बैंड टीम के साथ उच्च विद्यालय नारायणपुर से मध्य विद्यालय,नारायणपुर तक मार्चपास्ट हुआ। बैंड के धुन पर खिलाड़ी चल रहे थे ।इनकी अगुवाई आयोजन समिति के अध्यक्ष मंटू यादव व सचिव संजीव कुमार उर्फ गुड्डू यादव, भागलपुर जिला कबड्डी संघ के चेयरमैन गौतम कुमार प्रीतम, जिला परिषद सदस्य रेणू चौधरी,थानाध्यक्ष महेश कुमार कर रहे थे। नॉकआउट नियम से खेल प्रारंभ हुआ प्रथम मैच पुरुष वर्ग में पटना ने खगड़िया 52-28, सहरसा ने भागलपुर को 35-13,से बेगूसराय ने वैशाली को 39-27 से, और लखीसराय ने कटिहार को 39-17 से हराकर अगले राउंड में क्वालीफाई किया। महिला वर्ग में पटना ने खगड़िया को 59-19 से, बेगूसराय ने वैशाली को 42-16 से, सहरसा ने भागलपुर को 49-30 से, और कटिहार ने खगड़िया को 38-35 से पराजित कर अगले राउंड में क्वालीफाई किया. दूसरे दिन 27 जनवरी को सेमीफाइनल मैच की शुरुआत हुई।

जिसमें पुरुष वर्ग में पटना ने सहरसा को 43-31से और लखीसराय ने बेगूसराय को 47-35 से पराजित कर पटना व लखीसराय फाइनल में पहुंची।जबकि महिला वर्ग के सेमीफाइनल में पटना ने सहरसा को 42-31 से और बेगूसराय ने लखीसराय को 31-28 से हराकर फाइनल में जगह बनाया।तीसरे स्थान के लिए पुरुष वर्ग में बेगूसराय ने सहरसा को 25-22 से और महिला वर्ग में लखीसराय ने सहरसा को 22-20 से हराकर तीसरे स्थान पर रही।

पुरूष वर्ग फाइनल में पटना ने लखीसराय को गोल्डन रेड के सहारे 42-40 के बीच संघर्षपूर्ण मुक़ाबला में कप पर कब्जा जमाया. वही महिला वर्ग में बेगूसराय और पटना के बीच काफी रोमांचक मुक़ाबला रहा।जिसमे पटना ने बेगूसराय को 31-28 से पराजित कर पटना चैम्पियन बनी।गोल्ड कप ट्रॉफी व पुरुस्कार को अतिथियों में गौतमकुमार उर्फ बंटी यादव, जिला परिषद रेणू चौधरी, भागलपुर जिला कबड्डी संघ के चेयरमैन गौतम कुमार प्रीतम, कबड्डी संघ की प्रीति किरण, डॉ. विनोद कुमार (पीएचसी,प्रभारी) पंकज कुमार( कॉमया ओटोमोबाईल), जेपी कॉलेज के प्रधान सहायक डा राजीव कुमार ने सभी कबड्डी खिलाड़ी को सम्मानित किया।मैच के सफल संचालन में बिहार राज्य कबड्डी संघ ऑफिशियल इस प्रकार थे प्रकाश कुमार, प्रो.कबड्डी के अरमान कुमार, दिलीप कुमार शर्मा, मो सद्दाम, सुभाष कुमार, नंदन कुमार, प्रमोद कुमार, दीपू कुमार थे. आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सौरव, कृष्णा यादव, टिंकू मंडल, मुकेश, अतुल, दिल खूश, मनोज मंडल, हरि सहित अन्य खेल प्रेमी का योगदान सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरिया: 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया झंडोत्तोलन



केसरिया:विन्दा पाण्डेय संस्कृत प्राथमिक सह उच्च विद्यालय ढेकहां मठ के प्रांगण में 76वे ? गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गयी। जिसमें सभी छात्र एवं छात्राओं को दुर्गा कुमारी काजल कुमारी, मनोरमा कुमारी,अस्मित कुमार, शिवम् कुमार,अशोक कुमार, मुखिया दिलीप कुमार यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुखिया दिलीप कुमार यादव,कैलाश पति कुंवर, प्रधानाध्यापक कन्हैया पाण्डेय, सचिव बलिराम जी पाण्डेय, गुड्डी देवी,साधोलाल साह,अग्नीश कुमार पाण्डेय,सुरेन्द्र सिंह,नवीन कुमार सिंह राजनीश कुमार सिंह शिक्षक रामेश्वर जी,संतोष कुमार, राजेश कुमार पटेल,रजनीश कुमार पाण्डेय, नरेंद्र पाण्डेय अमित शर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### मोतिहारी: प्रयागराज कुंभ मेले में स्नान करने गए पूरे परिवार की हुई सड़क हादसे में मौत



ब्यूरो चीफ शशिकांत
पूर्वी चम्पारण: मोतिहारी छतौनी थाना क्षेत्र के मठिया निवासी वीरशमशेर सिंह के तीसरे पुत्र ओमप्रकाश आर्या और उनकी पत्नी पूर्णिमा एवं अपने दो नाबालिक अबोध बच्चों के साथ दिल्ली में रहते थे 26 जनवरी को अपने कार से प्रयागराज कुंभ स्नान करने आएं फिर स्नान करने के बाद कल शाम वापिस दिल्ली लौट रहे थे तभी आगरा से 30 किलोमीटर पहले फतेहाबाद उत्तर प्रदेश हाईवे पर उनकी कार कोहरे के कारण डिवाइडर से टकराई और उल्टे दिशा में दूसरे रोड पर पहुंच गई। उसी दौरान दूसरी दिशा से आ रही ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद कार के परखच्चे उड़ गए,जिसमें पूरे परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। फिलहाल उनके सगे संबंधी घटना स्थल पर पहुंच चुके हैं और बॉडी को मोतिहारी लाने की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि वीर शमशेर सिंह मूल रूप से चिरैया थाना क्षेत्र के पिरारी गांव के निवासी है। वहीं इस घटना के बाद परिजनों सगे संबंधियों एवं पूरे गांव में मातम पसर गया है।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर एसएसबी ने नेपाल पुलिस और एपीएफ को की मिठाई भेट

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रसइ 21वीं वाहिनी गंडक बैराज, पोस्ट पर निरिक्षक लोकेश कुमार के द्वारा नेपाल मित्र राष्ट्र के निरीक्षक गणेश बहादुर थापा, अढा नेपाल एवं उप. नि. महेश राय माजी, नेपाल पुलिस को एवं रसइ 21वीं वाहिनी वाल्मीकि आश्रम पोस्ट प्रभारी निरीक्षक के. चंद्रमणि मिताई के द्वारा अढा नेपाल के उप–निरीक्षक टांका बहादुर खत्री एवं सहायक हवलदार पप्पू यादव को भारत और नेपाल के बीच मधुर संबंधों और मित्रता को प्रकट करते हुए मिठाइयां भेंट की गईं। यह परंपरा केवल मिठाई के आदान–प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि दो पड़ोसी देशों के बीच आपसी सहयोग, सम्मान और सौहार्द का प्रतीक है जो न केवल सांस्कृतिक और कूटनीतिक रिश्तों को प्रगाढ़ करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि त्यौहार और राष्ट्रीय दिवस साझी खुशी और भाईचारे का संदेश लाते हैं। इस तरह के कदम आपसी विश्वास और मित्रता को मजबूत करते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंध और भी गहरे हो '

### गणतंत्र दिवस के अवसर जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने वृद्ध लोगों को खिलाया खाना

क्षितिज राज
मुंबई। मुंबई के वृद्ध आश्रम में जिला उपाध्यक्ष मीरा भयंदर राजेश मिश्रा जो पश्चिमी चंपारण के रहने वाले हैं। जिन्होंने 26 जनवरी 76 वे गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर अपने तरफ से कहा सभी लोगों को भोजन वितरण किया बता दें कि बिहार के चम्पारण के रहने वाले राजेश मिश्रा जो कि मुंबई जैसे शहरो में एक अपना अलग ही पहचान बनाया है। राजेश मिश्रा जब चंपारण में रहते थे तो चंपारण में भी समाज सेवा का कार्य करते थे और सभी वर्ग के लोगों के साथ कंधे में कंधे मिलाकर उनलोगों के हर दुख सुख में खड़े रहते थे। जब वह मुंबई में गए तो वहां पर भी सभी लोगों के कंधे कंधे मिलाकर एक साथ खड़े रह रहे हैं यही कारण हैं कि आज मुंबई में राजेश मिश्रा का एक अलग ही पहचान बन रहा है। वही समाज सेवा का कार्य करके अपने चंपारण का नाम रौशन कर रहे हैं।

# मोतिहारी: सांसद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का हो सार्थक पहल– राधामोहन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चंपारण।** समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में सोमवार को माननीय सांसद पूर्वी चंपारण राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, माननीय विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, माननीय विधायक पिपरा श्याम बाबू प्रसाद यादव, उपमहापौर नगर निगम मोतिहारी लालबाबू गुप्ता,अपर पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों एवं सड़क सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए आवश्यक विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष 2024 में छोटे–बड़े कुल 504 सड़क दुर्घटनाएं प्रतिवेदित हुई थी जिसमें 1125 लोग किसी ने किसी रूप से जख्मी हुए थे और इनमें से 422 लोगों की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने थाना वार दुर्घटना के में बताया कि सबसे अधिक सड़क दुर्घटना मुफस्सिल में 40, सुगौली में 32, हरसिद्धि में 30,




चकिया में 25, केसरिया में 24, पिपरा में 23 एवं बंजरिया में 21 सड़क दुर्घटनाएं प्रतिवेदन की गई हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जिन थानों में दुर्घटनाओं की संख्या अधिक हुई है वहां के थाना अध्यक्षों के प्रस्ताव पर थाना अंतर्गत मार्गों पर जरूरी रोड साईनेज, रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं, साथ ही वैसे स्थल जहां बार–बार दुर्घटनाएं हो रही हैं वहां पर ट्रैफिक ट्रॉली लगाकर वाहनों के तेज गति परिचालन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

माननीय सांसद महोदय ने कहा कि पिछले बार जिन स्थलों पर दुर्घटनाएं घटित हुई हैं उन्हें चिन्हित करते हुए उसकी एक सूची समिति के सभी सदस्य गण को उपलब्ध करा दिया जाए ताकि सदस्य गण भी अपने से देख ले कि वहां क्या कुछ किया जा सकता है ताकि दुर्घटनाओं में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीडिंग में कमी लाने के लिए प्रभावित तंत्र विकसित करना जरूरी है। साथ ही सड़क पर सुरक्षा संकेतक चिन्हों का अधिष्ठापन भी कराया जाना जरूरी है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया की हाल ही में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाई गई है। नाबालिक वाहन चालकों, ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों, अयोग्य चालकों को चिन्हित कर उनका चालक अनुज्ञप्ति निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है। सभी जगह चौक चौराहो को चिन्हित कर हेलमेट जांच के लिए ड्राइव चलाया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि प्राइवेट स्कूल के संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिया गया है कि स्कूल में आने वाले बच्चों को टेंपो, ऑटो या ई रिक्शा से आने पर प्रतिबंधित कर दिया गया है सभी विद्यालय इसके लिए कारगर व्यवस्था करें। अगर कोई बच्चा ऑटो से स्कूल जाएगा तो इसको लेकर स्कूल संचालक पर कार्रवाई की जाएगी स्कूल को बंद भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल संचालकों को जरूरी संख्या में बस या चार पहिया वाहन रखने का निर्देश दिया गया है ताकि बच्चे सुरक्षित स्कूल जाएं एवं स्कूल से वापस घर पहुंचें। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ भी बैठक की गई है। सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि मोतिहारी शहर में जाम की समस्या लगभग समाप्त हो गई है।अस्पताल चौक के आसपास जाम की कुछ समस्या है।जिस तरह से कचहरी चौक से बलुआ चौक तक बीच सड़क में बिजली का पोल लगाया गया है ठीक उसी तरह से हॉस्पिटल चौक के आसपास के पथों में बीच में पोल की व्यवस्था कराई जाए चुकी सड़के काफी चौड़ी हैं।जिलाधिकारी के द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालक अभियंता को शीघ्र इसका प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश दिया गया। माननीय विधायक मोतिहारी के द्वारा मधुबनी घाट बांध सड़क के चौड़ीकरण कराने की बात कही गई।इस विषय में जिलाधिकारी के पूछने पर १६ के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इसका डीपीआर बनाकर विभाग को समर्पित किया गया है। बैठक में माननीय सांसद के द्वारा कचहरी चौक के पास नवनिर्मित आरोबी पर लाइट की समुचित व्यवस्था करने की बात कही गई। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि बिजली के पोल लगा दिए गए हैं और जल्द ही लाइट की व्यवस्था कर दी जाएगी। सोमवार को राधाकृष्णन भवन में गोल्डेन अवधि में दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जान बचाने वाले विभिन्न थाना स्तर पर चिन्हित किए गए कुल 19 व्यक्तियों को गुड समेरिटन के सम्मान से सम्मानित किया गया। माननीय सांसद,माननीय विधायकगण, जिलाधिकारी एवं उप महापौर के द्वारा सामूहिक रूप से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लोगों में मनोज बैठा,कृष्णा सहनी,दिनेश पासवान,चंदन कुमार, दिग्विजय नारायण सिंह, विनोद यादव, प्रमोद कुमार, नितेश कुमार बिहार बैठा,रंजन कुमार, विक्रम कुमार,राहुल कुमार,सोनू कुमार, अशोक कुमार झा, नौशाद आलम,साजन कुमार, सोनू कुमार सिंह,लवकुश कुमार एवं अजीलमुल्लाह शामिल हैं।

## मोतिहारी: सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** आगामी सरस्वती पूजा को लेकर तुरकौलिया थाना परिसर में मुफ्फसिल इंस्पेक्टर अरशद रजा व थानाध्यक्ष तुरकौलिया सुनिल कुमार कि उपस्थिति में शान्ति समिति कि बैठक हुई। वहीं थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि पूजा में समापन के दौरान हुड़दंगी करने वालों की खैर नहीं होगी। डीजे को पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। वहीं बैठक में उपस्थित वर्तमान जनप्रतिनिधि,पूर्व जनप्रतिनिधि समाजसेवी के साथ पत्रकार साथी। लायसेंस लेना,सरस्वती पूजा विसर्जन में डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रखना बैठक का मुख्य उद्देश्य।

## बगहा: अपराध की योजना बना रहे 6 युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा ।** में पुलिस ने रविवार देर शाम अपराध की बड़ी योजना को विफल कर दिया. पटखौली थाने की पुलिस ने बीएन कॉलेज के खेल मैदान में छापेमारी कर अपराध की योजना बना रहे छह युवकों को गिरफ्तार किया. इनके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पटखौली थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक बीएन कॉलेज के खेल मैदान में जुटकर आपराधिक योजना बना रहे हैं. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान नगर के डूमवलिया मोहल्ला निवासी राहुल कुमार, अवसानी के विशाल सिंह, गोइत्ती के आत्मानंद और विनायक कुमार, लौकरिया थाना क्षेत्र के रामपुर वार्ड 6 के अनिकेत कुमार और सिगाड़ी निवासी नीतीश कुमार शामिल हैं. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवकों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में और भी लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिनकी पहचान और तलाश जारी है।

पुलिस की सक्रियता से टला बड़ा हादसा इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का परिचय मिला है। अपराधियों की योजना विफल कर पुलिस ने शहर में संभावित खतरे को टाल दिया। इस सफलता से क्षेत्र के नागरिकों में सुरक्षा को लेकर विश्वास और भी मजबूत हुआ है। पुलिस का कहना है कि इस घटना के बाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जा रही है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियमित गश्त और जांच तेज कर दी गई है।

## बाल्मीकि नगर: त्रिवेणी कैनाल में मिला मृत युवती का शव

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
सोमवार की सुबह बाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र में स्थित त्रिवेणी कैनाल में एक युवती की शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया गया। इस विषय पर जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि मृत महिला की पहचान थाना क्षेत्र के काष्ठ भंडार निवासी शंकर सिंह की पुत्री पूजा कुमारी उम्र लगभग 28 वर्ष के रूप में हुई है।मृत महिला विवाहिता है।जिसके दो पुत्र आर्यन 5 वर्ष और आयुष 11 वर्ष का है जबकि पति अंगद सिंह है।शादी के बाद से पूजा आने पति के साथ मायके में ही रहती थी।पति बाहर काम करता है,कुछ दिनों से साथ ही था।रविवार की शाम तकरीबन 4 बजे से घर से लापता थी।काफी खोज बिन के बाद भी पता नहीं चला।सुबह त्रिवेणी कैनाल के समीप उसके साल को गिरा कुछ ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। घर वालों को इसकी सूचना देने के बाद नहर में महिला के शव को देखा गया।जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।साथ ही बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत होता है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।वहीं मृतका के पति अंगद ने बताया कि मेरी पत्नी का मोबाइल काष्ठ भंडार निवासी इक्बल दीवान के पास से मिला है।और अजय कुमार सिंह जो महिला स्वाभिमान बटालियन में हो रहे कॉन्ट्रेक्शन के कार्य में मुंशी के पद पर कार्यरत है के साथ मेरी पत्नी भी काम करती थी को साथ देखा गया था।शंका जाहिर करते हुए बताया कि उसकी हत्या में ये दोनों की संलिप्त हो सकती है।मुझे शक है मेरी पत्नी को मार कर नहर में फेंक दिया गया है।इधर पुलिस प्रशासन मामले की जांच में जुट गई है।

## रोजगार सहायक पर लगा,जॉब कार्ड बनाने के नाम पर अवैध उगाही का आरोप

लोकतंत्र की आवाज



**प्रखंड बगहा ।** एक के बड़गांव पंचायत के रोजगार सहायक रविन्द्र दास पर जॉब कार्ड बनाने के एवज में एक हजार रुपए मांगने का मामला प्रकाश में आया है।स्थानीय लोगो से मिली जानकारी अनुसार आवास बनाने के लिए जॉब कार्ड अनिवार्य है,जिसको लेकर लगातार सभी पंचायत में शिविर लगाकर लोगों का जॉब कार्ड बनाया जा रहा है।इसी का फायदा उठाकर रोजगार सहायक के द्वारा जॉब कार्ड के लिए अवैध पैसे का डिमांड किया जा रहा है।वही अवधेश राम,संजू देवी,लालू चौधरी,मीणा देवी श्रवण राम,हेमराज राम,सोना देवी,इजहार खान,रामायण राम,अरविन्द यादव आदि स्थानीय लोगो ने यह आरोप लगाया गया है।वहीं इस मामले मे बड़गांव पंचायत के पंचायत रोजगार सहायक रविन्द्र दास से पूछे जाने पर उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ऐसा कोई बात नहीं है, कुछ लोगों के द्वारा मुझे बदनाम किया जा रहा है।जब उनसे देरी से आने के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा, कि कंप्यूटर ऑपरेटर व आते समय रास्ते में बाइक खराब हो गई थी।जिसको ठीक कराकर आने मे देरी हो गया है और आने के तुरंत बाद ही जॉब कार्ड बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## पूर्वी चम्पारण:कल्याणपुर ग्राम पंचायत राज राजपुर के मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया झंडोत्तोलन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण:** कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज राजपुर के माननीय मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता द्वारा अपने पंचायत कार्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया गया। उक्त अवसर पर पंचायत के जनप्रतिनिधि सभी सामाजिक कार्यकर्ता,पंचायत के सभी सरकारी कर्मचारी, स्थानीय महिलाएं, छोटे बच्चों समेत सभी लोग बड़े ही उत्साह के साथ झंडोतोलन में भाग लिए।इसके साथ ही लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान कार्यालय एवं बहुआरा हरिवंश राजकिय मध्य विद्यालय एवं बन रहें भव्य रामायण मंदिर के साथ बहुआरा हरिवंश वार्ड 15 में भी बड़ी उत्सुकता से किया गया झंडोत्तोलन। इस अवसर पर हरेंद्र नाथ त्रिपाठी काशीलाल प्रसाद, शंभू कुंवर, रामबाबू त्रिपाठी,निर्मला पांडेय शिक्षिका,अहमद हुसैन,पप्पू अंसारी,रामप्रवेश सिंह,मीडिया अरविंद कुमार,इत्यादि सभी गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर माननीय मुखिया द्वारा सभी पंचायतवासी प्रेस मीडिया,प्रखण्ड कार्यालय के सभी कर्मचारी को धन्यवाद एवं बधाई दी।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेरा स्वाभिमान संस्था के कार्यालय परिसर में किया गया ध्वजारोहण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेरा स्वाभिमान संस्था के कार्यालय परिसर में दिनेश अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया।साथ ही भैरोगंज पंचायत के सिरिसिया गांव में समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया तथा बरवासानी( चमवलिया पंचायत ),सिरिसिया( भैरोगंज पंचायत )के चार टीमों के बीच आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का फीता काटकर उदघाटन किया।जिसमें बरवासानी टीम के कप्तान हिमांशु उरांव,फुलवरिया टोला टीम के कप्तान कन्हैया राम, डीङ्क के ङ्क दीवाना टीम के कप्तान धनंजय ठाकुर तथा सिरिसिया टीम के कप्तान रूपेश पहलवान रहे।रेफरी में दिलीप कुमार यादव तथा संदीप चौधरी थे,निर्णायक फाइनल



मुकाबला बरवासानी था सिरिसिया टीम के बीच हुई।जिसमें बरवासानी की टीम 43 अंक पाई तथा सिरिसिया की टीम 26 अंक पाई।17 अंक की बढ़त बढ़ाकर बरवासानी की टीम विजेता रही।दिनेश अग्रवाल ने विजेता तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी दिया तथा साथ ही सभी खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया तथा साथ ही प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों को दिनेश अग्रवाल ने यह संदेश दिया कि हमारे बगहा में प्रतिभा की कमी नहीं हैं, जरूरत हैं उन्हें परख कर आगे बढ़ा कर प्रोत्साहित करने का।बगहा विधानसभा में किसी भी क्षेत्र के खिलाड़ियों को संसाधन के बिना अब इनकी प्रतिभा दब के नहीं रहेगी।जिन्हें आगे बढ़ना हैं वे मुझसे मिले मैं संसाधन मुहैया कराऊंगा तथा बगहा का नाम राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाना यही मेरा उद्देश्य हैं।इस कार्यक्रम में वार्ड सदस्य मोङ्क इम्तियाज,संयोजक जितेन्द्र कुमार,पंचायत प्रमुख प्रेमशंकर सिंह,कार्यालय मंत्री राजीव कुमार,वार्ड प्रमुख संदीप चौधरी,वार्ड प्रमुख प्रेम कुमार,सोशल मीडिया प्रमुख नसीम अशरफ,रविरंजन कुमार वर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गणतंत्र दिवस पर पकरीबरावां में शान से फहरा तिरंगा

पकरीबरावा। पकरीबरावां में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ महेश चौधरी, प्रखण्ड कार्यालय में प्रमुख रंजू देवी, कृषक महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार, पुलिस सर्किल निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर सुरेश राम, पकरीबरावां थाना में थानाध्यक्ष रंणजीत कुमार, रामधन मुलको इंटर विद्यालय पकरीबरावां में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मारक परिसर में दिलीप कुमार रंजन, व्यापार मंडल में अध्यक्ष बेबी कुमारी, एरुरी पंचायत में मुखिया विनय कुमार, मध्य विद्यालय पोकसी में प्रधानाध्यापक नागेंद्र प्रसाद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जसत में प्रभारी प्रधानाध्यापक रामजन्म पासवान ने झंडोत्तोलन किया। इस बीच एसडीपीओ ने बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया।

### सरकारी विद्यालयों में रहीं कार्यक्रम की धूम

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज में विद्यालय के बच्चों धनराज, अंजलि, पूनम, कोमल, सुषमा, स्मिति, सन्नी, सूरज, राधिका,,निशा, टूसी, संगीता, सिमरन आदि ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक दी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, शिक्षक पंचम कुमार, शिक्षिका फरहत जहां, अर्चना भारती एवं शचि कुमारी के हाथों बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मध्य विद्यालय पोकसी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जसत, राजकीय मध्य विद्यालय कोनन्दपुर, महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली, रामधन मुलको कन्या इंटर विद्यालय पकरीबरावां आदि में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### सिरदला– पुलिस ने रंगदारी करने के एक आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला नवादा– पुलिस ने क्षेत्र के सिरदला गांव से रंगदारी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंचल अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे के घर को कब्जा कर लिया गया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिरदला गांव निवासी परमेश्वर साव के पुत्र दिनेश साव बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 28/25 प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है।

### कीर्तनिया पंचायत में जॉब कार्ड के लिए शिविर लगाया गया

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।ग्राम पंचायत कीर्तनिया पंचायत भवन में जॉब कार्ड बनवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कीर्तनिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह बिहार राज्य मुखिया संघ के उपाध्यक्ष झुंपा सिंह,सभी वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री देवेश कुमार गुप्ता, ऑपरेटर शिवम कुमार , अंकित कुमार , बीएफटी अंकित कुमार , के साथ–साथ अन्य लोग मौजूद रहे।सभी ग्रामीण युवाओं सहयोग किया। कुल 144 लोगों का जॉब कार्ड बना।मुखिया प्रतिनिधि झुंपा सिंह के द्वारा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं ऑपरेटर के साथ–साथ सभी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### लूभुको सीमेंट का कार्यशाला आयोजित किया गया

पीरपैंती। शेरमारी बाजार स्थित गिरधारी लाल टिबरेवाल, आवासीय परिसर में लुभू को, सीमेंट एजेंसी का कार्यशाला का आयोजन किया गया। भागलपुर से आए हुए कुमार सानू और सचिन कुमार ने बताया कि लूभूको सीमेंट बिहार में सबसे ज्यादा बिकने वाली सीमेंट है। सीमेंट की खासियत ढलाई,प्लास्टर, कभी कामों में किया जाता है। यह सीमेंट वाटरप्रूफ है ।वाटरप्रूफ का प्रमाण पत्र मिला हुआ है। भागलपुर से आए हुए कंपनी के सदस्यों ने सीमेंट का फायदा और उपयोग का तरीका उपस्थित राजमिस्त्रियों को बताया। इस अवसर पर 50 से अधिक राजमिस्त्री उपस्थित थे ।गिरधारी लाल सीमेंट एजेंसी के प्रोपराइटर बलदेव प्रसाद टिबरेवाल, और मदन कुमार टिबरेवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उदय तांती, सुकेश तांती, मुकेश यादव,रामजी दास, मोहम्मद लड्डू, मोहम्मद एजाजुल, मोहम्मद लियाकत, मोहम्मद इसराफ़िल, नरेश कुमार, प्रमोद कुमार तांती, लालू कुमार, सकलदीप कुमार सहित आने को राज मिस्त्री उपस्थित थे । उपस्थित मिस्त्री को मुंह मीठा भी कराया गया और उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# नवादा : गणतंत्र दिवस पर मॉडर्न के बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति से जीता दिल

लोक तंत्र कीआवाज

**नवादा ।** दक्षिण बिहार एवं झारखंड के प्रसिद्ध ज्ञानस्थली के रूप में विख्यात मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा के खेल मैदान में 76वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यालय के बच्चों के द्वारा दी गई।इस दौरान विद्यालय में ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा देश की एकता व अखंडता, आपसी सौहार्द, सैनिकों की शौर्य गाथाएं व विभिन्न सामाजिक समस्याओं की झलक नृत्य, समूह गान, लघु नाटिका, नाटक के माध्यम से प्रस्तुत की गयी।बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति सराहनीय रहा। ज्ञात हो कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के अन्य विद्यालयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य द्वार पर मुख्य अतिथि मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष सह मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के निदेशक डॉ अनुज सिंह एवं प्राचार्य गोपाल चरण दास जी को विद्यालय के उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय एवं छात्राओं के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। निदेशक के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया, महापुरुषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।

## कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यालय के बच्चों के द्वारा दी गई



बच्चों ने राष्ट्रगान , राष्ट्रीय गीत एवं झंडा गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। फिर वरिष्ठ खेल शिक्षक अलकदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दिया गया। मॉडर्न समूह के अन्य विद्यालयों के द्वारा शानदार झांकी की भी प्रस्तुति दी गई जिसमें कुंती नगर शाखा के द्वारा नए संसद भवन प्रतिकृति उतारी गई, न्यू एरिया शाखा के द्वारा पुलवामा अटैक से जुड़े हुए शानदार झांकी की प्रस्तुति दी गई, नारदीगंज शाखा के द्वारा सत्यवादी हरिश्चंद्र के चरित्र को दिखाया गया इस तरह से अन्य विद्यालयों की भी शानदार झांकी की प्रस्तुति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अनुज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब जानते हैं कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। इसी कारण हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमें पूर्ण स्वराज किसी दिन मिला था। यह आजादी महापुरूषों के जुझारू संघर्ष का परिणाम है, सतत जागरूकता ही स्वतंत्रता की वास्तविक कीमत है। हमें देश के शहीदों का हमेशा सम्मान करना चाहिए और सभी देशवासियों को अपने देश के उन्नति प्रगति में सदैव तत्पर रहना चाहिए। आज का दिन हम भारतवासियों के लिए बड़ा ही गौरवशाली है।उन्होंने कहा की दृढ निश्चय व पूर्ण मनोयोग से किया गया अनवरत प्रयास सार्थक व सफल होता है।आज की युवा पीढ़ी को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों का पाठ पढाते हुए कहा कि हमें राष्ट्र की संपत्ति को स्वयं का समझकर सुरक्षा करनी चाहिए। मुख्य अतिथि के आभूषण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार आगाज किया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं अन्य विद्यालयों के उपप्राचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राखी ,साक्षी ,प्रिया समूह ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी। मॉडर्न के उभरते कलाकार अनुराधा ,गरिमा ने ए मेरे वतन के लोगों गाकर आंखों में पानी ला दिया। चक दे इंडिया नृत्य पर स्नेहिल, रिद्धि ,दीक्षा, खुशी आदि बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। नर्सरी के नन्हे नन्हे बच्चों में मानस, साकेत, अभिनव,आदि आहा टमाटर बड़े मजेदार गीत पर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रज्ञा ,सलोनी ,आरोही ग्रुप ने हर करम अपना करेंगे जीत पर देशभक्ति नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। अर्णव, आयुष, मयंक आशीष ग्रुप ने वंदे मातरम गीत पर पिरामिड बनाकर शानदार नृत्य किया। बड़ा निक लागे अपन देशवा के माटी नृत्य पर पंचम वर्ग की हर्षिता, आराधना,न्यासा आरोही आदि बच्चों ने रोमांचक प्रस्तुति दिया। रानी लक्ष्मी बाई के जीवन से जुड़े हुए योद्धा बन गई मैं गीत पर खुशी, श्वेता, अदिति, सोनाली ने शानदार नृत्य का प्रदर्शन किया। उद्घोषक के रूप में अंकिता एवं जिज्ञासा तथा अदिति एवं स्वराज ने अपने शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को बांधकर रखा। लगभग 5 घंटे तक देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा सभी बच्चों को मेडल बनाकर सम्मानित किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम में शहर के कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों में से धर्मवीर सिंहा, राकेश रोशन, धर्म प्रकाश, नीरज कुमार, रोशन मिश्रा, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, विष्णुकांत तिवारी, लकी कुमारी हनी कुमारी, विस्मिता साहू, विपुल कुमार, मुकेश कुमार, समीर सौरभ ,चंद्रदीप प्रसाद, इंद्रजीत कुमार मिश्रा, बशीर खान,अंजना दीक्षित, वंदना कुमारी, स्वीटी कुमारी, कुमारी स्वीटी ,सुशील कुमार, आशीष कुमार ,पवन कुमार सहित मॉडर्न समूह के सभी शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

## सिरदला– श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर भजन कीर्तन का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवदा ।** भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता रामप्रवेश सिंह के मां का देहावसान 15–01–2025 को हो गया था। जिसको लेकर 26–01–2025 को सिरदला प्रखंड के सोनपुर खौरा ग्राम में अपने पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजित कर माता जी विलास देवी के तेलिया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भजन श्रवण करने वाले दर्जनों दर्शको ने भजन का आनंद लिया। मौके पर सरवन सिंह, सुधीर सिंह, संदीप सिंह, रौशन कुमार, अनूप कुमार, लोकेश कुमार, सत्यम कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बिहपुर खानका – ए – आलिया फरीदिया मोहब्बतिया में दो दिवसीय उर्स शुरू, मजार पर हुई चादर पोशी

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर,,,,**सोमवार को बिहपुर के खानका ए आलिया फरीदीया मोहब्बतिया शरीफ मे सुफी संत धर्म गुरू बाबू हुजूर नेहाल अहमद खॉ फरीदी रहमतुल्लाह अलैहे का सालाना दो दिवसीय उर्स व जश्न – ए – मेराजे मुस्तफा व दस्तार ए हिफज शानो शौकत के साथ शुरू हुआ ! उर्स ए पाक व जलसे की सदारत खानका के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ फरीदी एव जेरे कयादत नायव सज्जादानशी हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ फरीदी ने इशा की नमाज के बाद मजारे शरीफ पर चादर पोशी गुल पोशी व फुल पोशी व नियाज फातिहा किया ! जिसके बाद शानदार जलसा आयोजन शुरू हुआ ! इस जलसे मे कई राज्य के मौलाना व शायर शिरक़त कर रहे है ! सज्जादानशी ने कहाकि हजरत सैयदना बाबू हुजूर नेहाल अहमद खॉ



फरीदी रहमतुल्लाह अलैहे 12 वर्ष की उम्र में ही सज्जादानशी बन गये थे हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिये !उर्स के मौके पर खानका परिषर को फुल व रंग विरंगे लाइटो से सजाया गया था 28जनवरी को दस बजे दिन से महफिले शमा, कुल शरीफ व खानकाही कवबाली नियाज फातिहा के बाद आम लोगो के बीच लंगर शिरणी तकशीम किया जायेगा ! उर्स ए पाक कई राज्य के मुरीदीन जायरीन पहुंचे हुये है आयोजन को सफल बनाने में हजरत मौलाना अबूसालेह फरीदी, कर्रार खॉ ,रहबर फरीदी, रहनुमा खॉ ,गुलाम पंजतन, मेहरबान फरीदी, बुशमस, रोहमा खॉ ,फीरोज ,आलम ,हस्सान खॉ , फारूक नकशवंदी ,ताज उद्दीन खॉ ,आदि लोग सामिल थे।

# जगदीशपुर/भोजपुर:मुखिया ने अपने पंचायत में गणतंत्र दिवस के मौके पर आन–बान–शान से लहराया तिरंगा

लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/भोजपुर ।** जगदीशपुर प्रखंड के उत्तरवारी जंगल महाल पंचायत की मुखिया सोनामती देवी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने पंचायत में झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रीय ध्वज की सलामी दी। इसके बाद उन्होंने अपने पंचायत दुलौर महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विश्वनाथ राम ने झंडोत्तोलन किया और विकास मित्र रिंकू कुमारी, राजद के वरीय नेता समाजसेवी अजय सहित अन्य मौजूद रहे। अजय यादव ने संबंधित अधिकारी को कार्यक्रम में नहीं आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की जाएगी।



वही पंचायत के मुखिया ने अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियों को साझा किया और बताया कि पंचायत के सभी जरूरतमंद लोगों को आवास योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में पंचायत का विकास तेजी से हो रहा है और पंचायत का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है।

## विधायक विभा देवी ने अपने कार्यालय में झंडोत्तोलन कर मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

लोकतंत्र की आवाज

**नवादा 26 जनवरी ।** भारतीय गणतंत्र के 76 वें वर्षगाँठ पर रविवार को नवादा विधायक विभा देवी के कार्यालय में आन–बान–शान के साथ झंडोत्तोलन किया गया । सैकड़ों कार्यकर्ताओं और देशप्रेमियों की उपस्थिति में विधायक विभा देवी ने डोरी खींच कर तिरंगा झंडा फहराया । राष्ट्रीय गीत के उपरांत विधायक ने भारत के संविधान में दर्ज नागरिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी याद दिलाया । उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने जीवन को न्योछावर करने वाले महापुरूषों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके सपनों को साकार करने का हर वर्ष सुनहरा अवसर मिलता है जिसे किसी भी कीमत पर अक्षुण्ण रखने की जरूरत है । एमएलसी अशोक कुमार ने कहा कि नई पीढ़ी में वास्तविक देशप्रेम की भावना उड़ेलने और आजादी के दीवानों



को अपने हृदय में बसाये रखने के लिए हम हर वर्ष राष्ट्रीय त्यौहार मनाते हैं । जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी एवं उपाध्यक्ष निशा चौधरी ने अपने उद्गार में संपूर्ण देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी । मौके पर विधायक विभा देवी के पुत्र एकलव्य कुमार , वरिष्ठ नेता प्रिंस तमन्ना , सुरेन्द्र यादव , कुलदीप यादव , शशिभूषण शर्मा , बाल्मीकि यादव , नंदकिशोर बाजपेयी , राजेन्द्र यादव , शेरअली खान , उमेश हरी , ब्रिज यादव , चांदो मुखिया , दशरथ प्रसाद , संजय सिंह , रामबिलास प्रसाद , उत्तम कुमार , योगेन्द्र यादव समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए । इसके पूर्व विधायक स्व कृष्णा प्रसाद के स्मारक स्थल पर 95 वर्षीय वयोवृद्ध सेवानिवृत शिक्षक और स्वतंत्रता सेनानी रामबालक प्रसाद यादव ने झंडोत्तोलन किया और तिरंगा झंडा को सलामी दी । उन्होंने आजादी के समय संग्रामी युवाओं के दीवानेपन से संबंधित संस्मरण सुनाकर गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला ।

## आन–बान–शान से लहराया तिरंगा,धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

लोकतंत्र की आवाज़

**जगदीशपुर/भोजपुर ।** उप डाकघर में गणतंत्र दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर पौधरोपण कर इसे और भव्य रूप दिया गया। इस आयोजन का अध्यक्षता जगदीशपुर उप डाकपाल चंदन कुमार गुप्ता एवं संचालन रितेश रैडिक्स के द्वारा किया गया। पर्यावरण संरक्षण, हरे भरे पेंड़ न सिर्फ धरती के सुरक्षा कवच है बल्कि मानव जीवन के आधार भी हैं। उक्त बातें उपडाकपाल चंदन कुमार गुप्ता ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को उप डाकघर परिसर में पौधरोपण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे मानव जीवन को ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ साथ उन्हें कई बीमारियों से भी दूर रखने में अहम भूमिका निभाते है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। वहीं डाक सहायक



नितिन पटेल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हर देशवासी का दायित्व व कर्तव्य है।वही इस आयोजन को सफल बनाने में सभी कर्मचारियों का बेहद सहयोग रहा। उक्त अवसर पर नितिन पटेल, राजु कुमार, रितेश कुमार,अमित,आनंद, उत्तम, श्रीनिवास, महेश, लालाबाबू , नन्द कुमार, उपेंद्र,अली इमाम, पाठक जी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुपौल : कथित दलालों का अड्डा बना त्रिवेणीगंज अंचल अंचल कार्यालय

लोक तंत्र कीआवाज

**सुपौल ।** जिले की त्रिवेणीगंज अंचल कार्यालय इन दिनों रिश्वतखोरी का अड्डा बन गया है.सीओ प्रियंका सिंह आने के अधिक परेशानी लोगों को बढ़ी है दूर दराज से काम कराने के लिए आये व्यक्ति कथित दलाल के लूट के शिकार हो रहे है. प्रसाशनिक अधिकारियों की चुप्पी इनकी संलिप्तता को बढ़ावा दे रहा है. यही कारण है कि अबूझ, भोली भाली ग्रामीण जनता इन दलालों और अधिकारियों के लूट का शिकार बन रहे है. बिहार सरकार द्वारा सभी जमीन का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। छूटे हुए जमाबंदी को ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट पर चढ़ाने के लिए परिमार्जन प्लस पोर्टल पर आवेदन करने का प्रावधान भी है। इसी पोर्टल पर जमाबंदी से संबंधित सुधार हेतु भी रैयत को आवेदन करना होता है। ऑनलाइन आवेदन जांच हेतु डाटा एंट्री ऑपरेटर



और अंचलाधिकारी के सिस्टम से होते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारी को जाने का क्रम है जहां जांच प्रतिवेदन के साथ अंचल निरीक्षक के मंतव्य के बाद अंचलाधिकारी के लॉगिन से आवेदन का निष्पादन होता है। लेकिन जिले के त्रिवेणीगंज में दलाल एवं पदाधिकारियों के कुछ निजी व चहेते कर्मियों की मिलीभगत से गरीब जनता से जम कर अवैध रकम की वसूली करते हैं। इतना



ही नहीं जमीन दस्तावेजों के ऑनलाइन करवाने के नाम पर दलाल किस्म के व्यक्ति अंचल के राजस्व कर्मियों से मिलीभगत कर धड़ल्ले से अवैध रकम की उगाही कर रहे हैं। कही मोटेशन के नाम पर तो, कहीं जमीनों की जांच पड़ताल करने के नाम पर, कहीं परिमार्जन के नाम पर अवैध रूप से मोटी रकम की वसूली की जाती है। इतना ही नहीं रेयती जमीन को खास खाते की बताकर खुलेआम रैयतों के साथ डकैती की जा रही है, खास बात यह है कि नई सीओ प्रियंका सिंह के काम करने का कुछ अलग तरीका है बड़ी तकनीक से लोगों से पैसे की वसूली करते आवेदक को बुलाकर अपने आदमी से मिलने को कहते हैं जहां उनके अंचल के कार्यालय के ईद गीद उनके एक दर्जन से अधिक निजी दलाल है वहा हल्का कर्मचारी मौजूद रहते हैं, पैसा नहीं देने पर आवेदन को कोई ना कोई कारण बात कर रिजेक्ट कर दिया जाता है। बार–बार बुलाने रिजेक्ट करने या लंबे समय से पेंडिंग रखने पर मजबूर या विवश होकर लोग पैसा देने की बात मान लेते हैं। इस कारोबारी में अहम रोल आरओ राकेश कुमार एवं हल्का कर्मचारी राज्य रौसन की अहम भूमिका होती है, जिनके माध्यम से बात होती है और पैसे का लेनदेन होता है ताकि वह सरकारी रिकॉर्ड में ना रहे। नाम नहीं छापने के शर्त पर लोगों ने बताया की त्रिवेणीगंज अंचल के अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह और आरओ राकेश कुमार आने के बाद अंचल की व्यवस्था बद से बद्तर हो गई है, बिना पैसा का एक भी काम नहीं होता है, हरेक काम लिए अलग–अलग फीस तय हैं,जिसको लोगों को देना पड़ता है, सीओ , आरओ की क्रियाकलापों से लोगों में भारी आक्रोश देखी जा रही है,इस मामले को लेकर सीओ प्रियंका सिंह के सरकारी नंबर पर संपर्क कर जानकारी लेना चाहा लेकिन उनका फोन कवरेज एरिया से बाहर बताया, इसी मामले को लेकर आरओ राकेश कुमार को फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया,

## संक्षिप्त खबरें ।

### पतरघट प्रखंड क्षेत्र में76 वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज

पतरघट प्रखंड क्षेत्र मे 76 वें गणतंत्र दिवस पूरे प्रखंड क्षेत्र मे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर शान से तिरंगा लहराया गया. जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए. जबकि क ई विधालय में बच्चों ने प्रभातफेरी भी निकाली गयी. प्रखंड मुख्यालयों में प्रखंड प्रमुख श्रीमति उषा देवी,एवं प्रखंड बिकाश पदाधिकारी पुलक कुमार पतरघट थाना में थानाध्यक्ष रौशन कुमार तिरंगा फहराया.बीआरसी भवन में बीईओ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डा. बबीता कुमारी,प्रखंड के सभी पंचायत में पंचायत भवन पर मुखिया ने झंडोतोलन किया। वही ग्राम कचहरी में सरपंच ने झंडातोलन किया।इस मौके सीओ राकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि व गणमान्य ब्यक्ति मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले के एक फरार आरोपी की हुई गिरफ्तारी, सोनवर्षा कचहरी थाना पुलिस की कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

कहरा सहरसा संवादाता। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा कचहरी ओपी गश्ती पुलिस टीम द्वारा जानलेवा हमले को लेकर दर्ज मामले के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सोनवर्षा कचहरी ओपी अध्यक्ष ने बताया कि 23 जनवरी को सदर (सोनवर्षा कचहरी ओपी) थाना कांड संख्या - 111/25 दर्ज की गई थी। जिनमें हत्या के प्रयास को लेकर धाराएं लगाई गई थी। जिनके प्राथमिकी अभियुक्त ओपी क्षेत्र के धगजरी गांव निवासी मिथिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र बृजेश कुमार सिंह उर्फ बबलू की गिरफ्तारी हुई थी। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था।

# नागरिक एकादश के बीच खेले जाने वाले मैच का एसडीओ अनीषा सिंह एवं बीडीओ जय किसन ने फीता काट कर किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**

**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को सिमरी बख्तियारपुर उच्च विद्यालय के मैदान में प्रशासन एकादश एवं नागरिक एकादश के बीच फैंसी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासन एकादश ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पार जीत दर्ज की। इससे पूर्व सिमरी बख्तियारपुर एसडीओ अनीशा सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जय किशन सहित अन्य खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में एसडीओ ने कहीं की गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रशासन एवं नागरिक एकादश के बीच खेले जाने वाला मैच से प्रशासन एवं नागरिक के बीच आपसी समन्वय एवं संपर्क बनाने का एक माध्यम एवं दर्शकों के स्वस्थ मनोरंजन है।

तत्पश्चात एसडीओ ने सिक्के उछाल कर टांस किया। जिसमें नागरिक एकादश के टीम के कप्तान ललन कुमार मुखिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वही प्रशासन एकादश के टीम के कप्तान प्रखंड विकास पदाधिकारी जयकिशन ने क्षेत्ररक्षण का कार्य किया। नागरिक एकादश ने निर्धारित 12 ओवर में कुल 9 विकेट गंवा कर 113 रन बना कर सिमट गई। जबाब में प्रशासन एकादश ने बल्लेबाजी करते हुए 11.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 114 रन बनाकर कप पर कब्जा जमाया। नागरिक एकादश की तरफ से साजन ने मैन ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। इन्होंने सर्वाधिक रन अर्ध शतक 58 बनाकर दर्शकों की तालियां बटोरी। वही प्रशासन एकादशी की तरफ से कर्मवीर उर्फ राजा ने कल 47 रन एवं 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

राजा ने खेल का अच्छे प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का चहेता बना। वही प्रशासन एकादश के कप्तान प्रखंड विकास पदाधिकारी जय किशन शुरू से लेकर अंत तक बल्लेबाजी करते हुए मैच के पीच पर डटे रहे। निर्णायक की भूमिका में वार्ड पार्षद लल्लूसिंह, शिक्षक रहमत अली ने निभाई। स्कोरिंग मौनू ने किया। वही उद्घोषक नगर परिषद कर्मी हसनैन मोहसिन ने किया। हालांकि यह मैच फैंसी मैच था। लेकिन अंतिम क्षण तक मैच रोमांचक बना रहा। जिम्मेवार खिलाड़ियों ने इसे सीरियस को कर खेला। एवं अपनी टीम को जीतने के लिए हर संभव प्रयास किया गया। टीम के खिलाड़ियों के साथ दशकों में भी उत्साह का वातावरण अंतिम क्षणों तक बना रहा। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया दिया। मौके पर सांख्यिकी पदाधिकारी प्रभात रंजन त्रिपाठी, राजा, पुष्प रंजन सिंह, प्रखंड नाजिर, सतीश कुमार, राकेश रवि, रुपेश रंजन, सतीश कुमार, परवेज कुमार, सुमन कुमार, अक्षय कुमार, सोनू कुमार, प्रखंड प्रमुख शबनम कुमारी, उपसभापति प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद विकास कुमार विकी, ललन कुमार, प्रवीण कुमार पिंकू, संजीव भगत, कल्याणी सिंह, सुशील जायसवाल, विपिन गुप्ता, शमीम अनवर, डॉ जाकिर हुसैन, सुदर्शन गौतम, मुकेश यादव, लल्लू सिंह, पंचानन स्वर्णकार, किसन गुप्ता, राजीव कुमार, श्याम पोद्दार, विभीषणकुमार, उदय कुमार, सोहन साह, सोनू कुमार, विप्लव कुमार आदि सहित अन्य ने भाग लिया।

# अररिया: सील किए गए एसडीएम पैराडाइज होटल में फिर चोरी, पुलिस ने चोर को रंगे हाथ पकड़ा



लोक तंत्र की आवाज

- क्या सील होटल की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन की थी? चोरी के सामान की भरपाई कौन करेगा?

**अररिया।** अररिया थाना क्षेत्र के पैराडाइज होटल (जिसे एसडीएम होटल भी कहा जाता है), जो पहले से प्रशासन द्वारा सील किया गया था, में एक बार फिर चोरी की घटना घटी। सूचना पर इस बार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोर को रंगे हाथ पकड़ा और चोरी का सामान बरामद किया। होटल के मालिक संजय मिश्रा ने बताया कि 26 जनवरी की सुबह सूचना मिली कि होटल से एक व्यक्ति चोरी कर रहा है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि चोर ठेले में दो पलंग ले जा रहा था।

पुलिस की गश्ती टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ठेला और चोरी का सामान बरामद किया। आरोपी की पहचान गोविंद महतो, निवासी ओम नगर, वार्ड 8 के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यहां यह सवाल उठता है कि आखिर सील किए गए होटल की सुरक्षा और जिम्मेदारी किसकी थी? पिछले साल 4 दिसंबर 2024 को भी इसी होटल से चोरी हुई थी, लेकिन उस वक्त प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा सका था। अब, चोरी की घटनाओं के लगातार सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश और निराशा का माहौल है।

सवाल यह भी है कि चोरी गए सामान की भरपाई कौन करेगा? क्या होटल मालिक और स्थानीय प्रशासन इस घटना के बाद सुरक्षा के और बेहतर इंतजाम करेंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटित हों? यह घटना प्रशासन की जिम्मेदारी और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करती है। अब देखना होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में किस तरह की कार्रवाई करते हैं और क्या भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# चूल्हे की चिंगारी से आग, 4 परिवारों का घर जलकर स्वाहा

लोकतंत्र की आवाज



**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर 16 दक्षिण टोला में शनिवार की दोपहर चूल्हे कि चिंगारी से अचानक आग लगने से चार परिवार का घर सहित लाखों की सम्पत्ति जलकर राख हो गया। आग लगने की घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई।

घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शनिवार की दोपहर अचानक चूल्हे कि चिंगारी से आग लगने से दक्षिण टोला निवासी दीपांकर विश्वास, उमेश विश्वास, राजेश विश्वास व राजकिशोर विश्वास का घर सहित घर में रखें दैनिक उपयोग कि सभी सामान कपडा, अनाज, बर्तन, फर्नीचर, कागजात सहित जेवरात लाखों का जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद जब तक लोगों के समझ में कुछ आता तबतक देखते ही देखते एक एक कर चारों घरों को आग अपने आगोश में लील लिया। आग की लपटें इतनी तेज थी और दो गैस सिलेंडर फटने के कारण ग्रामीणों की हजारों भीड़ को आग बुझाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में ग्रामीणों व दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। नहीं तो एक बहुत बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष अविनाश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गई। उक्त बाबत सीओ सौरभ कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार को प्लास्टिक उपलब्ध कराते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारी को आग से हुई क्षति का आकलन करने के लिए निर्देश दिया गया है।

# फाइनल मुकाबले में पहाड़पुर की टीम ने सिमरी बख्तियारपुर की टीम को 66 रनों से हराकर कप पर जमाया कब्ज़ा

लोकतंत्र की आवाज



- विजेता एवं उप विजेता टीम को वार्ड पार्षद सह लोजपा रामविलास नगर अध्यक्ष दूर्गेश पासवान सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से कप सौंपा

**चन्दन कुमार पासवान**

**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा।** नगर परिषद क्षेत्र के हाई स्कूल मैदान पर चल रहे प्रखंड स्तरीय पंद्रह दिवसीय एसबीसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को सिमरीबख्तियारपुर बनाम पहाड़पुर के बीच खेला गया। जिसमे पहाड़पुर टीम के कप्तान मो0 मुदसर ने टास जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और सिमरीबख्तियारपुर की टीम को क्षेत्रत्रक्षण करने के लिए आमंत्रित किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पहाड़पुर की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में तीन विकेट खोकर 167 रन बनाए और सिमरीबख्तियारपुर की टीम को जीतने के लिए 168 रनों का लक्ष्य दिया। जबाब में बल्लेबाजी करने उतरी सिमरीबख्तियारपुर की टीम ने महज 13 ओवर में सभी विकेट खोकर 102 रन पर ही आल आउट हो गई। इस मैच का मैन आफ द मैच का पुरस्कार पहाड़पुर टीम के प्रिंस को दिया गया। उन्होंने अपने टीम के लिए शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए। जिसके बदौलत पहाड़पुर की टीम ने सिमरीबख्तियारपुर की टीम को 66 रनों से हरा दिया। इस मैच में निर्णायक की भूमिका प्रियदर्शन व राजा ने निभाई।

वही उद्घोषक की भूमिका सोनू सेम तो स्कोरिंग की भूमिका अमन ने निभाई। वही टूर्नामेंट के अंत में जन सुराज नेता शमीम अनवर, वार्ड पार्षद दुर्गेश पासवान, बेचन राम, काशिफ आलम उर्फ गोबु, मिथिलेश चौधरी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बबलू कुमार, गुड्डू कुमार, गौरव कुमार, मोनू सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# भारतीय संविधान देश का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो नागरिकों को अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराता है: डा. जवाहर पासवान

लोक तंत्र की आवाज



- केपी कॉलेज मुरलीगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस
- प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान ने ध्वजारोहण कर संविधान के महत्व पर किया प्रकाश डाला

**मुरलीगंज।** कमलेश्वरी प्रसाद महाविद्यालय, मुरलीगंज में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। बी एन एम यू मधेपुरा की अंगीभूत इकाई के पी कॉलेज मुरलीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान ने ध्वजारोहण किया और भारतीय संविधान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो नागरिकों को अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराता है।

प्रधानाचार्य डॉ. पासवान के नेतृत्व में महाविद्यालय परिवार ने कॉलेज संस्थापक कमलेश्वरी बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस आयोजन में एनसीसी कैडेट्स भी शामिल हुए, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से कार्यक्रम की गरिमा और भव्यता को बढ़ाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र, साथ ही स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# सहरसा: गणतंत्र दिवस अंबेडकर चौक व पुस्तकालय साउथ प्वाइंट विद्यालय व शियाटिका अस्पताल में भी ध्वजारोहण किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**रंजीत सक्सेना**

**सहरसा संवाददाता।** बताते चले कि गणतंत्र दिवस धूमधाम से क्षेत्रों में मनाया गया हर्ष उल्लास के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी विद्यालय में आयोजन हुआ लोगों में काफी उत्साह देखा गया साउथ पॉइंट विद्यालय में भी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के द्वारा झंडा ध्वजारोहण किया गया छात्र व छात्राओं में काफी उत्साह व खुशी देखा गया कई राष्ट्रगान के बाद तालियां की गड़गड़ाहट लोगों में उमंग अभिभावक भी उपस्थित थे शियाटिका अस्पताल में भी गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

डॉक्टर प्रहलाद कुमार सहित कई कर्मी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे लोगों में काफी खुशनुमा माहौल व उत्साह देखा गया अंबेडकर चौक व पुस्तकालय में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ जिला इकाई जिला अध्यक्ष मान्यवर अमित कुमार (वरीय उपसमाहर्ता) जिला सचिव मान्यवर विनोद कुमार राम (प्रधानाध्यापक) जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार (शिक्षक) मीडिया प्रभारी चंदन पासवान शैलेंद्र कुमार स्नेही अंकेक्षक अमित कुमार (शिक्षक) प्रदीप पासवान शिक्षक रामू राजक डॉक्टर धीरेन्द्र कुमार धीरज (फिजियोथैरेपी) सागर जी कई सदस्य व गणमान्य बुद्धिजीवी उपस्थित थे अपने-अपने सभी विचार रखें झंडोतोलन में सभी शिरकत किया जय भीम नमो बुद्धाय का जय हिंद जय भारत का नारा दिया आइए हम सब मिलकर संकल्प ले आपसी भाईचारा, सौहार्द एक दूसरे का सहयोग सामाजिक एकता बनाए रखने का प्रेरणा ले एक दूसरे को भी प्रेरित करें यहीं तो जीवन है कुछ काम करो कुछ काम करो जग मे रहकर नाम करो।

# जिला परिषद कार्यालय में अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू ने किया ध्वजारोहण, गणतंत्र दिवस पर दी बधाई

लोक तंत्र कीआवाज



**अररिया।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला परिषद कार्यालय अररिया में अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने तिरंगे को सलामी दी और सभी उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू ने कहा, ₹गणतंत्र दिवस हमारे संविधान और लोकतंत्र की महत्ता को समझने का अवसर है। यह दिन हमें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराता है और हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम अपने देश की सेवा में पूरी निष्ठा से काम करेंगे।₹ उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा दें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

कार्यक्रम में जिला परिषद के अन्य सदस्य, अधिकारी और स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे। तिरंगे को सलामी देने के बाद उपस्थित लोगों ने देशभक्ति गीतों का आयोजन किया और इस राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाया। अध्यक्ष पप्पू ने समारोह में सभी को प्रेरित किया कि वे राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहें।

# सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में घूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

लोकतंत्र की आवाज



- अनुमंडल में एसडीओ अनीषा सिंह एवं नगर परिषद कार्यालय में फसीहा खातुन नगर अध्यक्ष एवं थाना में थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने ध्वजारोहण कर झंड़े को सलामी दी

**चन्दन कुमार पासवान**

**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।** 76वां गणतंत्र दिवस अनुमंडल के रविवार को तीनों प्रखंड सिमरी बख्तियारपुर, सलखुआ एवं बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में भी धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों में रविवार को सिमरी बख्तियारपुर एसडीओ आवास पर एवं अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ अनीषा सिंह, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख शवनम कुमारी, निबंधन कार्यालय में निवंधन पदाधिकारी, मनरेगा कार्यालय में पीओ अभिषेक आनंद, अनुमंडल अस्पताल में डा जेके आर्या, पशु चिकित्सालय कार्यालय में डा सुमित कुमार, नगर परिषद कार्यालय में सभापति फसिहा खातुन ने, बिराट विकलांग सेवा संस्थान में आपताव आलम, सिमरी बख्तियारपुर थाना में थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान, इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर सुजाउद्दीन, डीएसपी आवास में डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर, जन सुराज कार्यालय में आईएएस शिक्षक सह जन सुराज नेता शमीम अनवर, सैनिक पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर मुकेश कुमार, रोज वेली सेकंडरी स्कूल में डायरेक्टर राजीव कुमार, ज्ञान गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी में प्राचार्य उदय कुमार ,नगर के रंगीनियां वार्ड नंबर 15 में वार्ड पार्षद राजकुमारी देवी ने झंडा तौलन कर झंड़े को सलामी दी मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।सलखुआ प्रखंड में प्रखंड प्रमुख सरीता संगम, सलखुआ थाना में थाना अध्यक्ष विशाल कुमार, उटेशरा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में एच एम रंजीत कुमार, कोपरिया पंचायत में मुखिया अमृता कुमारी ने झंडा फहराया एवं झंड़े को सलामी दी। प्रखंड के महादलित टोला में भी ध्वजारोहण किया गया।सिमरी बख्तियारपुर के ज्ञान गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी के स्कुली बच्चे-बच्चियों के द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। झंडा तौलन के दौरान सिमरी बख्तियारपुर के पुलिस बलों की टीम ने भी झंड़े को सलामी दी गई, एनसीसी कैडेट्स बटालियनों की भी अहम भूमिका रही।सुबह से ही बच्चों में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रंग-बिरंगे ड्रेस में ज्ञान गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी के स्कुली बच्चे-बच्चियों ने प्रभातफेरी निकाली।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गिरिडीह प्रखंड में दिव्यांग जनों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण

लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)



गिरिडीह,झारखंड। संविधान के अनुच्छेद 21 ए के अंतर्गत शिक्षा को मौलिक अधिकार माना गया है ।विकलांग व्यक्ति (समान अवसर ,अधिकार सुरक्षा तथा पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 जो ऐसे लोगों को शिक्षा रोजगार अवरोध मुक्त वातावरण का निर्माण सामाजिक सुरक्षा इत्यादि प्रदान करता है। यहां यह भी ख्याल रहे की विकलांगता भी कई प्रकार की होती है जिसमें दीर्घकालिक शारीरिक ,मानसिक ,बौद्धिक या संवेदी विकलांगता होती है। विकलांगता की प्रतिशत 40 या इससे ज्यादा है तभी वह व्यक्ति निशक्त माना जाएगा। गेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से गिरिडीह सदर प्रखंड में दिव्यांग जनों के बीच दिव्यांग यंत्र यथा ट्राई साइकिल व्हीलचेयर एवं बैटरी वाला ट्राई साइकिल ,बैसाखी ब्लाइंड स्टिक एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनंत कुमार मिश्रा जी कोषागार पदाधिकारी थे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी गिरिडीह के द्वारा दिव्यांग जनों के बीच श्रवण यंत्र का वितरण किया गया।

### विष्णुगढ़ प्रखंड में जल नल योजना का हाल बेहाल

लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैडा पंचयत के कृतोडीह, चुकचुको , बसरिया , सब्लाडीह ग्राम नल जल योजना का खस्ता हाल है। सरकार के द्वारा चलाए गए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं में जल नल योजना का निर्माण में घोर अनियमितता किया गया है। योजना का लक्ष्य था कि हर घर तक स्वक्ष पानी का सुविधा हर एक को मिले सभी गरीब, मजदूर , किसान को पानी मिले, लेकिन देखा जा रहा है कि , सम्पूर्ण प्रखंड क्षेत्र में नल जल योजना के काम में गुणवत्ता की भारी कमी है काम में ठीकेदारों के द्वारा जैसे तैसे काम कर के अपना बिल बना लिया जा रहा है। ग्रामीणों को पानी का सुविधा मिला कि नही इसको देखने वाले कोई पदाधिकारी नहीं हैं। पानी के लिए गाँव ग्राम मे हा हा कार मचा हुआ है ग्रामीण वे हाल हैं । गैडा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ताज अंसारी ने सरकार से निवेदन किया कि इस योजना को पूरी तरह से जाँच करवा कर गरीब किसान मजदूर को पानी दिलाने में पहल करें । सरकार इसको संज्ञान मे लेकर गरीब मजदूरों को पानी मुहैय्या कराया जाए।

### टाटीझरिया पीएचसी में स्वास्थ्य साथिया पियार एजुकेट को सम्मानित किया गया

लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाटीझरिया,विष्णुगढ़ में स्वास्थ्य साथिया पियार एजुकेट को प्रभारी निधि नारायण सिंह रवि शंकर प्रसाद , मेडम , डॉ रवि मुखिया रेखा देवी, फ्फ्रड राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत साथिया को नान फाइनेंशिय लांच बोक्स देकर सम्मानित किया गया प्रभारी मेडम द्वारा अपने क्षेत्रों में 10–19 वर्ष के किशोर, किशोरी के साथ बैठक कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते एवं युवा मैत्री केंद्र परामर्श देते हुए कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चल रहे टी बी कार्यक्रम में आप लोग सहिया दिदि का सहयोग करें इस अवसर पर पर सभी बिन्दुओं पर जानकारी देते हुए डॉ पियुष कुमार ,ए एन एम मीना कुमारी शंकर पाण्डेय कार्यक्रम को सफल बनाने में R K S K BTT काजल कुमारी ने सहयोग किया । सहिया साथी सुनिता ऱंजित दागी, रविन्द्र कुमार, अमित कुमार, सुकेश बसंत, सहिया अनिता, रीता, पोखनी, सारिता दिपा, रेणु, मुद्रिका, शबनम नुरी,मैजुननिशा ,नसीरा खातुन शहनाज़ खातुन मौजूद थे ।

### दिल की दौरा पड़ने से अंचल सहायक की मौत

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

मयूरहंड( चतरा)अंचल कार्यालय में अंचल सहायक मदन तिवारी का निधन हो गया ।उनका निधन दिल का दौरा पड़ने के कारण बताया जा रहा है ।प्रत्येक दिन की तरह वे अपने सरकारी आवास में आराम कर रहे थे ।उनके साथ रहने वाले आदेश पाल प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ ड्यूटी कर आवास लौटा ।आवास का अंदर से बंद था दरवाजा खटखटाया तो किसी भी प्रकार की आवाज नहीं आने पर इसकी सूचना अपने पदाधिकारी व उनके परिजनों को दिया ।सूचना पाकर रात्रि में ही परिजन मयूरहंड पहुंचे ।तब जाकर दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला गया ।जहां चिकित्सीय प्रमर्श के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया ।शव को मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार ने अपने कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया ।वहीं अंचल कर्मी के असमय मौत होने से बीडीओ सह सीओ मनीष कुमार समेत प्रखंड व अंचल कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि देने के साथ एक दिन का अवकाश रखा।

# 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर टंडवा में आन-बान और शान से फहराया गया तिरंगा

## ब्लॉक व थाना परिसर में सैकड़ों जरूरतमंदों को मिला कंबल, वहीं सीसीएल ने कामगारों को दिया प्रमोशन

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर–सरकारी संस्थाओं में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान प्रखंड व थाना परिसर में सैंकड़ों जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। प्रखंड परिसर में प्रमुख रीना कुमारी, बीडीओ देवलाल उरांव,सीओ विजय दास, सुभाष यादव समेत अन्य मौजूद थे। वहीं अनुमंडल पुलिस कार्यालय में डीएसपी प्रभात रंजन बरवार,पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर उत्तम तिवारी, वन क्षेत्र कार्यालय में रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना,थाना परिसर में प्रभारी उमेश राम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ सुदीप कुमार ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी।




एनटीपीसी के उड़ान स्टेडियम में झंडोतोलन कार्यक्रम के दौरान सीजीएम संजीब कुमार सुआर ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में परियोजना के उपलब्धियों विस्तृत तौर पर को साझा करते हुवे सभी कर्मचारियों, एजेंसियों, प्रशासन, प्रभावित गांवों तथा सीआइएसएफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुवे यूनिट 3 से बिजली का उत्पादन शीघ्र प्रारंभ होने में उनके महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की। कहा कि दिसंबर 24 में रिकार्ड 96.33 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर और शत प्रतिशत डिक्लेयर्ड कैपेसिटी हासिल किया है। सीआइएसएफ के फायर विंग ने आकर्षक तरीके से अग्निशमन उपकरणों द्वारा तिरंगे पानी की बौछार कर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ हीं, रिफ्लेक्स शूटिंग और राइफल ड्रिल का बेहतरीन प्रदर्शन की गई। परियोजना प्रबंधन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को जीएम मेरिटोरियस अवॉर्ड,पावर एक्सेल पुरस्कार एवं उत्कर्ष मेरिट छात्रवृत्ति प्रदान किये। इस मौके पर जीएम प्रोजेक्ट,विजय शंकर दुबे,जीएम मानव संसाधन विकास नीरज रॉय, डिप्टी कमांडेंट पीएस श्रीजीत,राजीव सिन्हा, मुकुल रॉय, दीपाली आचार्य, सरिता रॉय समेत अन्य मौजूद थे।

- एनटीपीसी में सीआइएसएफ द्वारा रिफ्लेक्स शूटिंग, अग्निशमन दल द्वारा तिरंगे पानी की बौछारबना आकर्षण का केंद्र

वहीं सीसीएल के मगध–संघमित्रा व आम्रपाली – चंद्रगुप्त के परियोजना कार्यालय में भी विधिवत झंडोतोलन किया गया। वहीं आम्रपाली –चंद्रगुप्त महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम अमरेश कुमार सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। जहां उन्होंने सीएमडी के संदेशों को पढ़कर लोगों को सुनाये। बता दें, परियोजना क्षेत्र में कार्यरत 33 कर्मियों को पदोन्नति दिया गया जिससे कामगारों में हर्ष का माहौल देखा गया।

## गुमला उपायुक्त ने घाघरा प्रखंड के सेहल बंसी टोली और कुगांव पंचायत के चट्टी ग्राम का क्षेत्रीय दौरा किया

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गुमला(झारखंड)। गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को घाघरा प्रखंड के सेहल बंसी टोली और कुगांव पंचायत के चट्टी ग्राम का क्षेत्रीय दौरा किया। ये दोनों गांव झारखंड के पहले जलवायु स्मार्ट गांव हैं, जहां ग्रामीण उन्नत और पर्यावरण–संवेदनशील खेती के साथ–साथ विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्यरत हैं।

उपायुक्त ने दोनों गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी आजीविका के साधनों को समझने का प्रयास किया। जिला प्रशासन के नेतृत्व में 'प्रदान' संस्था के सहयोग से यहां के नागरिकों को उन्नत खेती, प्रोसेसिंग यूनिट और अन्य व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। दौरे के दौरान उपायुक्त ने इन प्रयासों की सराहना की और कहा कि ये गांव झारखंड में एक आदर्श प्रस्तुत कर रहे हैं। सेहल और चट्टी गांवों में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही 'विमेन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' के माध्यम से 3100 महिलाएं खेती और अन्य व्यवसायों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। यहां सरसों, हल्दी, धनिया, चावल, आटा और दोना–पत्तल प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की गई है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। लगभग 50 एकड़ भूमि पर उन्नत किस्म की फसलें, जैसे तरबूज, मटर, आलू और शिमला मिर्च की खेती की जा रही है। 'प्रदान' संस्था द्वारा संचालित एफपीओ बाजार व्यवस्था में भी ग्रामीणों को सहयोग प्रदान कर रही है।

उपायुक्त ने इन गांवों में सरकारी योजनाओं जैसे बिरसा हरित ग्रामीण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक सखी योजना, मैया सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, मिलेट मिशन, राशन कार्ड योजना और पेयजल व सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

# गुमला जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**गुमला(झारखंड)।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा गुमला जिला के विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा जिले की विभिन्न विद्यालयों में नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिस क्रम में माननीय प्रधान जिला जज ने आज डी ए वी विद्यालय गुमला में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला जिले में नशा का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जो गंभीर चिंता का विषय है । यदि परिवार का मुखिया शराब का सेवन करें तो पूरे परिवार ,बच्चों पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है ,आर्थिक तंगी ,झगड़े का माहौल बना रहता है, बच्चों की अच्छी शिक्षा नहीं हो पाती है । नशा की बुरी लत आज की युवा पीढ़ी में भी देखने को मिल रहा है जो की समाज के लिए काफी चिंता का विषय है ,इसलिए 'नशा को ना ' बोले और एक नशा मुक्त समाज का निर्माण करें क्योंकि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं।



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाए जा रही योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दिए तथा टोल फ्री नंबर 15100 के विषय में भी बताया ।उन्होंने साइबर क्राइम मानव तस्करी घरेलू हिंसा आदि के विषय में भी विस्तृत चर्चा की उन्होंने कहा हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को हर तरह का कानूनी सहायता देने के लिए तत्पर रहता है डालसा के द्वारा कोई मामले में फंसे असहाय व्यक्ति को मुफ्त में अधिवक्ता उपलब्ध करता है तथा कानून की जानकारी एवं जागरूकता अभियान चलता है तथा पीड़ितों को मुआवजा राशि भी दिया जाता है । गुमला में बच्चों एवं बड़ों में नशे की लत बढ़ती जा रही है जिसे रोकना आवश्यक है ।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख श्री डी एन ओहदर ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों के ऊपर समाज की कुरीतियों को हटाने की जिम्मेवारी है क्योंकि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं उन्होंने बच्चों को नशे के सेवन से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक ,शिक्षिकाएं तथा पीएलवी राजेश सिंह, प्रेम कुमार शाह, राजू नायक, तेतर उरांव ,मनीष कुमार तथा विद्यालय के बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

# पाण्डेयपुरा : पुलिस पिकेट मे गणतंत्र दिवस के अवसर पर शान से हुआ झंडोतोलन

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**हंटरगंज(झारखंड)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के पाण्डेयपुरा पुलिस पिकेट मे देश के 76वे गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन किया गया जिसमे आस पास के गाव के सैकड़ो ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों के साथ साथ स्थानीय पत्रकार शामिल हुए।



पाण्डेयपुरा पुलिस पिकेट प्रभारी शिवशंकर गोप के द्वारा झंडोतोलन किया गया जिसमे शामिल एस एस +2 उच्च विद्यालय पाण्डेयपुरा के बच्चों और पिकेट मे कार्यरत जवान और कार्यक्रम मे शामिल ग्रामीणों के द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गयी और माँ भारती के नारे के साथ साथ देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदो के जयकारो से पुरा माहौल गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के अंत मे महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के आदेशानुशार आई आर बी के आ० नि० स० फुलेश्वर महतो के द्वारा कार्यक्रम उपस्थित जवानो और ग्रामीणों को अफीम उन्मूलन को लेकर शपथ दिलाया गया।

शपथ के प्रथम बिंदु मे बताया गया की किसी भी परिस्थिति मे अफीम की खेती नही होने देने और जिनकी भी संलिप्ता होगी उसकी सूचना निकटतम थाने को देंगे। द्वितीय किसी भी परिस्थिति मे अफीम और अन्य नरकोटिक्स ड्रग्स का संचालन नही होने देंगे और इसकी रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तृतीय लोगो को अफीम और अफीम के व्यापार के दुष्प्रभावो के उपर जागरूकता अभियान चलाएंगे। चतुर्थ अफीम की खेती करने वाले किसानो को अन्य लाभदायक फसल उगाने के लिए प्रेरित करेंगे।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से गेंजना पंचायत के मुखियापति प्रभु भारती, गेंजना पंचायत के भूतपूर्व मुखिया उपेंद्र यादव,बैजनाथ यादव,राजेश प्रसाद,रामबरत पासवान,बलूरी पंचायत के भूतपूर्व मुखिया राजेंद्र यादव आदि शामिल हुए।

# गुमला जिले में 3 फरवरी को आयोजित होगा सिरा सीता राजकीय मेला : चमरा लिंडा झारखंड कल्याण मंत्री

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**गुमला।** झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुमला जिले में सिरसी–ता–नाले(दोन) दव डहरे एकना राजकीय समारोह के आयोजन की तिथि की घोषणा की। यह पवित्र मेला सिरसी–ता–नाले(दोन) दव डहरे एकना राजकीय समारोह 3 फरवरी, 2025 को आयोजित होगा।



यह निर्णय धार्मिक मान्यता और माघ पंचमी के शुक्ल पक्ष के दिन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मंत्री महोदय ने कहा कि सिरा सीता मेला का आयोजन अब से प्रतिवर्ष इसी तिथि पर किया जाएगा। उन्होंने गुमला जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि मेले की तैयारियों को पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

गुमला जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत स्थित सिरा सीता को झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा राजकीय मेला/जतरा का दर्जा प्रदान किया गया है। इससे पहले यह मेला 5 और 6 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाला था, लेकिन इसे अब 3 फरवरी 2025 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस मेले में देश–विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंत्री महोदय ने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं, यातायात प्रबंधन और विधि–व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। मेले के आयोजन स्थल पर मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा प्रबंधों को लेकर प्रशासन ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है। इसके अतिरिक्त, मंत्री ने यह भी बताया कि मेले में रांची से अतिथियों का पद यात्रा कर आगमन होगा, जो मेले की गरिमा को और अधिक बढ़ाएगा। उन्होंने राज्य के नागरिकों से इस पवित्र मेले में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

मंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान कल्याण विभाग की योजनाओं और वर्तमान प्रगति पर भी चर्चा की। उन्होंने राज्य सरकार की नागरिकों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के गैर–कानूनी कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हजारीबाग : जिले के सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में 76 वें गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहरा

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों समेत विद्यालय संस्थान में तिरंगे झंडे को पहरा गया। हजारीबाग समाहरणालय परिसर में उपाउक्त नैंसी सहाय समेत सभी पदाधिकारी कर्मचारी मिल कर गणतंत्र दिवस के इस महती कायर्क्रम में उत्साह पुरबक भाग लिए ।



वहीं सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और छात्रों ने सलामि देकर उत्साह वर्धक कार्यक्रम किए गए। संस्थानों में निदेशक समेत सहायक अध्यापकों ने मनाया, बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में प्रमुख जैबुन निसा, प्रखंड शिक्षा कार्यालय में बीडीओ अखिलेश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी डां अरुण कुमार सिंह, थाना परिसर में ईस्पेक्टर सपन कुमार महथा, चेडरा पंचायत भवन में मुखिया निर्मल कुमार, के अलावे अंचलाधिकारी नित्यानंद दास, विलाल अंसारी, गरु प्रसाद साव, रामजन्म राय, एंजेल्स पब्लिक स्कूल कर गालो में झारखंड आन्दोलन कारी नेता चन्द्रनाथ भाई पटेल, जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, समेत सभी पंचायत के पंचायत सचिवालयों में मुखिया समेत सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मिलकर गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कर सलामी दिया।

# पुलिस की निगरानी में विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव संपन्न

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**हंटरगंज(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के डाहा पंचायत में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिहिया में सोमवार को पुलिस की मौजूदगी में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न हुआ । पर्यवेक्षक नागेंद्र कुमार सिंह व सीआरपी अशोक कुमार और विद्यालय प्रधानाध्यक अविनाश कुमार ने पुलिस की मौजूदगी में चुनाव की सारी प्रक्रिया पूरी की। ग्रामीण विजय यादव की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय पोषक क्षेत्र के लगभग ग्रामीण अभिभावक शामिल हुए।



सर्वसम्मति से ग्राम बिहिया निवासी करमु यादव को अध्यक्ष एवं रीना देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं 12 सदस्यीय समिति में कांति देवी, विक्की देवी, रिंकी देवी, अंजू देवी, रंजू देवी , राजा भारती ,वीणा देवी, ,समफूल देवी एवं वीरेंद्र यादव को चुना गया। प्रबंधन समिति में वैसे अभिभावकों का चयन किया गया है, जिनके बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत हैं। ज्ञात हो कि इसी विद्यालय में 24 सितम्बर 2024 को विवाद हुआ था जिसके बाद चुनाव स्थगित कर दी गई थी। जिसके बाद शिक्षा विभाग ने संज्ञान लेकर थाना प्रभारी मनीष कुमार को लिखित सूचना दी गई थी सूचना के आलोक में हंटरगंज थाना पुलिस के निगरानी में चुनाव संपन्न हुआ ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को आभार प्रकट किया है।

- विवादों के बाद स्थगित हो गया था चुनाव
- ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को किया आभार प्रकट
- विद्यालय पोषक क्षेत्र के लगभग ग्रामीण अभिभावक शामिल हुए

मौके पर हंटरगंज सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिंह, दुर्गेश यादव, गौतम ठाकुर, धनंजय कुमार, पंकज मिश्रा, राजेन्द्र यादव, प्रताप यादव, वीरेंद्र यादव जिला बल के जवान सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुखिया संघ की बैठक संपन्न, संघ की मजबूती व विकास योजना सहित कई बिंदुओं पर चर्चा



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज( चतरा) । प्रखंड मुखिया संघ की बैठक खूंटीकेवालखुर्द पंचायत सचिवालय सभा भवन में सोमवार को मुखिया संघ प्रखंड उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. जिसमें संघ की मजबूती सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी. बैठक के बाद जानकारी देते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष ने बताया कि पंचायत में विकास कार्य को लेकर बैठक हुई जिसमें संघ मजबूती वही कंबल को लेकर गरीब असहाय निर्धन लोगों के द्वारा मुखिया के पास गुहार लगा रहे हैं. इस संदर्भ मुखिया संघ ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से जानकारी ली इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि दो दिनों में जानकारी दी जाएगी। मौके पर चमेली देवी, डोमन भुईयां, बाबुनंद पासवान, मनोज पासवान, रूबी देवी, ममता कुमारी, दीपा भारती, सोनी देवी, सोनिया देवी, अनीता देवी, मदन चौधरी, बृजकिशोर सिंह, दूधनाथ यादव, नरेश प्रसाद यादव सहित अन्य मौजूद थे.

### अपनी मांगों को लेकर गृह रक्षकों ने किया समाहरणालय गेट के पास धरना प्रदर्शन



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपुर। सोमवार को गृहरक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर समाहरणालय गेट के पास जमा होकर खूब हंगामा और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी गृह रक्षकों का कहना है कि हमलोगों का वेतन बहुत कम है, जिसे बढ़ाने के लिए बिहार सरकार आना कानी कर रही है। जबकि वेतन बढ़ाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पारित कर दिया है। इसी को लेकर गृह रक्षकों ने संघ भवन समस्तीपुर के परिसर से प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के समक्ष जमकर धरना प्रदर्शन किया। वही पांच गठित टीम द्वारा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। धरना प्रदर्शन में संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश कुमार झा, उपाध्यक्ष चंदन कुमार पांडे, रमाशंकर सिंह, सचिव राम उदगार सिंह, अरुण कुमार साह, प्रमोद कुमार, राम इकबाल ठाकुर, दिनेश कुमार, रामप्रीत राय आदि ने भाग लिया।

### लूभुको सीमेंट का कार्यशाला आयोजित किया गया



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। शेरमारी बाजार स्थित गिरधारी लाल टिबरेवाल, आवासीय परिसर में लुभू को,सीमेंट एजेंसी का कार्यशाला का आयोजन किया गया। भागलपुर से आए हुए कुमार सानू और सचिन कुमार ने बताया कि लूभूको सीमेंट बिहार में सबसे ज्यादा बिकने वाली सीमेंट है। सीमेंट की खासियत ढलाई,प्लास्टर, कभी कामों में किया जाता है। यह सीमेंट वाटरप्रूफ है ।वाटरप्रूफ का प्रमाण पत्र मिला हुआ है। भागलपुर से आए हुए कंपनी के सदस्यों ने सीमेंट का फायदा और उपयोग का तरीका उपस्थित राजमिस्त्रियों को बताया। इस अवसर पर 50 से अधिक राजमिस्त्री उपस्थित थे ।गिरधारी लाल सीमेंट एजेंसी के प्रोपराइटर बलदेव प्रसाद टिबरेवाल,और मदन कुमार टिबरेवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उदय तांती, सुकेश तांती, मुकेश यादव,रामजी दास, मोहम्मद लड्डू, मोहम्मद एजाजुल, मोहम्मद लियाकत, मोहम्मद इसराफ़िल, नरेश कुमार, प्रमोद कुमार तांती, लालू कुमार, सकलदीप कुमार सहित आने को राज मिस्त्री उपस्थित थे । उपस्थित मिस्त्री को मुंह मीठा भी कराया गया और उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहन किया

## जनपद में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया : जिलाधिकारी





**लोकतंत्र की आवाज**

**उरई** । जनपद में 26 जनवरी 2025 को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, और अन्य संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में झंडारोहण कर राष्ट्रगान का गायन किया, साथ ही संविधान की संकल्प दिलाया। जिलाधिकारी ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को 76वां गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा कि हमे विचार करना चाहिए कि हमे आजादी कैसे प्राप्त हुई और जो आजादी प्राप्त हुई है उसमें हमने क्या-क्या खोया है और आजादी के बाद क्या-क्या चीजे बनाई है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात है कि आज संविधान दिवस है, संविधान के अनुसार ही नियम, कानून, अनुशासन चलते है। आज भी जो कार्यक्रम और कार्ययोजना लागू होती है वो भी संविधान से होती है। आज यह स्मरण करने का दिन है कि जनपद में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाए है जिनका लाभ सीधे लाभार्थी को मिलना है जो सही मामले में स्वतंत्रता प्राप्त कर ली, अक्षुण बनाये रखना, और राजनैतिक स्वतन्त्रता से बड़ी स्वतंत्रता जो है वो आर्थिक व सामाजिक स्वतंत्रता। हमे दो बिंदुओं पर देखना है कि हम कैसे प्रगति कर, आर्थिक रूप से कैसे समृद्ध बने, सामाजिक रूप से कैसे सशक्त बने और एक व्यक्ति की जो गरिमा है, जो विश्वास है वो किस प्रकार हो। इसी के अनुसार शासन द्वारा आमजन तक जनकल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में जनपद बहुत ही तेजी से प्रगति कर रहा है। विगत वर्षों में जनपद के विकास हुआ है। सामाजिक कल्याण में जनपद में निरंतर आयाम स्थापित कर रहा है। महिलाओं के जीवन मे कई बदलाव आ रहे है। मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा उद्यमी विकास में उद्यमी योजना अंतर्गत 05 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के दे रही है जिससे युवा रोजगार कर आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में हम सबका दायित्व है कि जो वंचित लाभार्थी है उन व्यक्तियों तक योजनाओ का लाभ पहुँचाना है। बिजली के क्षेत्र में जनपद में बहुत अच्छा काम किया है।

उद्यान विभाग द्वारा स्प्रिंकलर है, पहले खेतो को पानी से भर देते थे। अब जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देना है जल संरक्षण के दृष्टिगत किसान को उनकी फसल की उत्पादकता का अधिकतम लाभ मिले और जो सिंचित क्षेत्र है उसमें पानी की खपत कम हो, फसल चक्र अपना कर के करीब 14000 हेक्टेयर अधिक क्षेत्रफल विगत 02 वर्षों में प्राप्त किया गया है जो कि उत्तर प्रदेश में जनपद के दूसरा स्थान है। इसी तरह से पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना है। औद्योगिक क्षेत्र में मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण कर दिनांक 16 जुलाई 2022 को लोकार्पण किया गया, इसके किनारे कुसमिलिया, टिमरो, डकोर इन तीनो गांव में इंडस्ट्री कर रहे है, नोयडा की तर्ज पर बुन्देलखण्ड में इंडस्ट्री लगाने की बड़ी पहल है इसके आस-पास के क्षेत्र का कायाकल्प होगा। मा० मुख्यमंत्री जी के प्रयास से जनपद के जितने भी धार्मिक स्थल है उसमें पर्यटन की दृष्टि से कार्य किया जा रहा है। विकास योजना में सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जो स्वच्छ व पारदर्शी प्रणाली है उसका लाभ जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने कहा कि आज का दिन हमारे देश के संविधान के लागू होने की ऐतिहासिक घटना की याद दिलाता है, जिसने भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। यह दिन हमें हमारे देश की स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और बलिदानों को सम्मानित करने का अवसर भी प्रदान करता है।गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज की प्रगति में योगदान देना चाहिए। हमें भारतीय संविधान के प्रति अपनी निष्ठा को मजबूत करना चाहिए और उसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। आज का दिन यह संकल्प लेने का है कि हम अपने देश की सेवा में अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक निभाएंगे और समाज में शांति, समृद्धि और एकता का माहौल बनाएंगे।

जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित सरस्वती देवी, गनेशी देवी, कौशल्या देवी को अंग वस्त्र व मिष्ठान देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ई डी एम पुष्पेन्द्र, क्षेत्राधिकारी सिटी अर्चना सिंह व अन्य आदि सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेड़ से शव बरामद, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया



**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय मार्ग एन एच 31 बजाज मोटरसाइकिल शोरूम से एक किलोमीटर पूर्व में ही रविंद्र सिंह के बगीचे में संजय मिश्रा स्वर्गीय हेमंत शंकर मिश्रा की एक पेड़ में शव गमछे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटनास्थल पर झंडापुर थानध्यक्ष विश्वबंधु कुमार, भी अपने दलबल के साथ पहुंचे। जैसे ही क्षेत्र में एक शव बरामद होने की बात आग की तरह फैल गई ।

काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर शव को देखने पहुंचे। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि शव की पहचान कर ली गई हैं। भ्रमरपुर गांव निवासी संजय मिश्रा स्वर्गीय हेमशंकर मिश्रा के रूप में पहचान की गई है। जानकारी के मुताबिक संजय मिश्रा भागलपुर जिले के बरारी मैं पूरे परिवार के साथ रहता था ।और एक दुकान चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

संजय मिश्रा को एक बेटा व चार बेटी होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल भेज दिया। संजय मिश्रा की हत्या हुई है या आत्महत्या यह पुलिस जांच का विषय है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही थी। देर शाम तक परिजन गांव पहुंच चुके थे। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले सौंप दिया जाएगा।

## गिरिडीह में सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्रिकेट मैच का आयोजित हुआ



**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जिले के सर्कस मैदान में सड़क सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित रखने की बात जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

मैच खोरीमहुआ बनाम गिरिडीह पुलिस में हुआ। गिरिडीह पुलिस क्रिकेट मैच में विजय हुए। सड़क दुर्घनाओं को कम करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए दर्शकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। अंत में सभी खिलाड़ियों के द्वारा सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा किया गया। सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार वाहन चलाने की अपील की गई। इस सड़क सुरक्षा क्रिकेट मैच में गिरिडीह उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक श्री डा० विमल कुमार , सदर अनुमण्डल, श्रीकांत या विस्पुते, ज़िला परिवहन पदाधिकारी, श्री शैलेश कुमार प्रियदर्शी , ज़िला खेल पदाधिकारी, एमवीआई गिरिडीह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक वाजीद हसन शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान लोगों से हेलमेट पहन कर ही दो पहिया वाहन चलाने की अपील की गई। साथ ही सीट बेल्ट, ड्रिंक ड्राइव, ओवरस्पीड हिट एंड रन गुड समेरिटन आदि के बारे मे जानकारी दी गई।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**लोकतंत्र की आवाज**
**गिरिडीह, बिरनी।** बिरनी प्रखंड के खाखीपीपर में डॉ अ.ढ.ख अब्दुल कलाम विद्यालय खाखीपिपर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय मुखिया समीना खातून, पेशम पंचायत मुखिया रागिनी सिन्हा,स्थानीय पंचायत समिति बद्री राम,विद्यालय के निदेशक रउफ अन्सारी, प्रधानाचार्य कमरुल अन्सारी,मुखिया प्रतिनिधि सगीर अन्सारी, गुड्डू सिन्हा,जहूर अन्सारी,अख्तर अन्सारी,विद्यालय के शिक्षिका तमन्ना परवीन,सफीना खातून अन्य मुख्य अतिथि शामिल हुए।। इस कार्यक्रम का उद्धघाटन सामुहिक रूप से दिप प्रज्वलित करके के और फीता काट कर उद्धघाटन किया गया।।स्कूली बच्चियों के द्वारा आये मुख्य अतिथि को फूल बरसा कर स्वागत किया वही अतिथि को स्कूल के शिक्षक के द्वारा बुके और टोपी पहनाकर स्वागत किया गया।। फिर जाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया गया।। जिसके बाद बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।।मौके पर सलीम अन्सारी, जिलनी अन्सारी अमाम अन्सारी और सैकड़ों की संख्या में अभिभावकों मौजूद रहे।

# राजद पार्टी का बूथ अध्यक्ष प्रशिक्षण 20 फरवरी से



**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** बिहपुर विधानसभा राजद का बूथ अध्यक्ष प्रशिक्षण 20 फरवरी को नारायणपुर प्रखंड के रायपुर गांव में बिहपुर विधानसभा राजद का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा।इसको लेकर सोमवार को नारायणपुर में नवगछिया राजद जिलाध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान के नेतृत्व में सभास्थल का मुआयना कर तैयारियों का जायजा लिया गया।इस मौके पर राजद नेता अवनीश कुमार भी मौजूद थे।जिसके बाद नारायणपुर,बिहपुर व खरीक के प्रखंड अध्यक्ष क्रमशः केदार शर्मा,किशोर यादव व सुबोध यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीनों प्रखंडों से राजद के सभी प्रकोष्ठों के प्रखंड,पंचायत व बूथ अध्यक्ष समेत सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होगें।वहीं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश व जिला के पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहेगें।युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष वंशराज यादव,राजद जिला उपाध्यक्ष छतीश यादव,लालू यादव, संजय शर्मा, निवास शर्मा, प्रमोद शर्मा,अंगद शर्मा मो सोएब,कलिम खां आदि ने बताया कि बीस फरवरी को यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह दस से अपराह्न चार बजे तक चलेगा।









गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत धमना विकास खंड माधौगढ़ (जालौन) उत्तर प्रदेश की तमाम जनता को हार्दिक शुभकामनाएं...

राघवेंद्र सिंह प्रधान धमना
इंद्रपाल उत्तम सचिव
ग्राम पंचायत धमना विकास खंड माधौगढ़ (जालौन) उत्तर प्रदेश

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।